CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

देहरादून, बुधवार 30 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 357 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले केंद्र सरकार: प्रियंका गांधी पेज 2



सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर शामिल खेल टाइम्स



दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी सम्पादकीय



नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन पेज 12

## विपक्ष अखबारों की सुर्खियों में जगह बना सकता है, लेकिन लोगों के दिलों में नहीं

# ऑपरेशन सिंदूर: मोदी ने विपक्ष को खूब किया लाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे। क्वाड, ब्रिक्स, फ्रांस, रूस, जर्मनी समेत तमाम देश दुनियाभर से भारत को समर्थन मिला। लेकिन देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला।

22 अप्रैल के बाद तीन-चार दिन में ही ये उछल रहे थे। कहने लगे कि कहां गया मोदी? मोदी फेल हो गया। बड़ा मजा ले रहे थे। उनको पहलगाम के निर्दोष लोगों की हत्या में राजनीति दिख रही थी। अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साधा रहे थे। उनकी बयानबाजी और छिछोरापन देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा रहा था। कांग्रेस के नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न सेना पर। इसलिए वे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके वे देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। पीएम मोदी ने कहा कि नेवी, आर्मी, वायुसेना तीनों के संयुक्त प्रयास ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। पहले आतंकियों के मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। अब स्थिति बदल गई है। अब हमले के बाद उनको नींद नहीं आती। उनको पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा। ये न्यू नॉर्मल भारत ने सेट कर दिया है। दुनिया ने देख लिया कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधु तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका**

**संरा के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे**

### पहलगाम हमले के आतंकी मुठभेड़ में मारे गए: शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। श्री शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सोमवार को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। सुलेमान आतंकी संगठन लश्कर का ए श्रेणी आतंकी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हुए ए श्रेणी के आतंकवादी थे।

### राज्यसभा में नड्डा के बिगड़े बोल, खड़गे से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के -शेष पृष्ठ दो पर

# एआई के सहारे फर्जी फैसले कोर्ट में रखे जा रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं। कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर एआई ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है। जस्टिस बिंदल सोमवार को ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी. अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया। मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे। जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- युवा वकील इससे सावधान रहें, सीनियर अधिवक्ता उन्हें समझाएं**



### विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति व राज्यपाल की मंजूरी कब तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा कि शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे।

### आठ अतिरिक्त जजों को स्थायी जज, सात के कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने आठ अतिरिक्त न्यायाधीश की स्थाई न्यायाधीश पद पर नियुक्ति और सात का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान के मुताबिक कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, न्यायमूर्ति किरणमई मांडवा उर्फ किरणमई कनपर्थी, न्यायमूर्ति सुमति जगदम और न्यायमूर्ति न्यापति विजय के नामों की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल और कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति गुरुसिद्धैया बसवराज के नाम का प्रस्ताव किया गया है।

### चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय किए पत्र प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।

# बिहार में 65 लाख के मताधिकार से वंचित होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वह हस्तक्षेप करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

### वडोदरा नाव दुर्घटना पीड़ितों को छह सप्ताह के अंदर अनुग्रह राशि दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के वडोदरा में नाव दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.2 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि छह सप्ताह के भीतर संबंधित परिजनों को तर्कसंगत आधार पर वितरित करने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि ये राशि 18 जनवरी, 2024 को हुई नाव दुर्घटना में मारे गए 12 बच्चों और 2 शिक्षकों के परिजनों को वितरित की जाए।

### SC कॉलेजियम ने की बॉम्बे और दिल्ली हाईकोर्ट में 4 जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में तीन और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत के बयान के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ता अजीत भगवानराव कडेथांकर, आरती अरुण साठे और सुशील मनोहर घोडेश्वर को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने प्रस्ताव किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 28 जुलाई को हुई बैठक में न्यायाधीशों के नियुक्ति की सिफारिश से संबंधित यह फैसला किया गया।

# हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एमपी में भोपाल सहित 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी- जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया। राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली व सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक- चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।



### दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली- एनसीआर और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

### उपग्रह निसार का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। इस 2,400 किलोग्राम वज़नी उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार निसार उपग्रह से जुड़े मिशन को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है। 30 जुलाई को प्रक्षेपण चरण के बाद उपग्रह अपने 'तैनाती' चरण में प्रवेश करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में निसार के 12 मीटर व्यास वाले 'रिफ्लेक्टर' को कक्षा में जटिल रूप से 'खोलना' शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, थरूर व तिवारी रहे दूर

## मनीष तिवारी ने लिखा-भारत का रहने वाला हूं..., शशि थरूर ने कहा था-मौनव्रत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में चल रही ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी की ओर से न बोलने दिए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बाद मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, इसमें बताया गया था कि थरूर और उन्हें क्यों बोलने नहीं दिया गया। तिवारी ने इसके साथ पूरब और पश्चिम फिल्म के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखी कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद!। वहीं, अपने पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने मीडिया से कहा कि अगर तुम मेरी चुप्पी नहीं समझ सकते, तो मेरी बातों को कभी नहीं समझ पाओगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि मौनव्रत... मौनव्रत। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। थरूर ने दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। वहीं, तिवारी एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में शामिल थे। जब मनीष तिवारी से उनके बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर आप मेरी खामोशी नहीं समझते, तो मेरे शब्द भी नहीं समझ पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि पार्टी ने जानबूझकर नए सांसदों को मौका दिया, क्योंकि थरूर और तिवारी जैसे नेता विदेश में सरकार के समर्थन में बोल चुके हैं। पार्टी अब चाहती है कि संसद में सरकार की आलोचना हो और विपक्ष की आवाज सामने आए। इसलिए ऐसे नेताओं को चुना गया जो पूरी तरह पार्टी लाइन पर हों। शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेता अक्सर अपनी अलग राय रखते हैं। हाल में जब वे विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, तब उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मुद्दों पर सरकार की तारीफ की थी।




- **कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश यात्रा के दौरान मोदी सरकार की तारीफ की थी**

# प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए।

ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा। सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता करेंगे पिपलोदी गांव का दौरा : खड़गे

**नई दिल्ली।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में स्कूल की जर्जर बिल्डिंग गिरने की घटना में सात बच्चों की मौत के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं को वहां जाकर संबंधित पहलुओं की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया और राजस्थान प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष बाबूलाल सांखला और अनुसूचित जनजाति विभाग के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा बुधवार को झालावाड़ का दौरा करेंगे। ये नेता पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपेंगे।

### सुकमा: मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अंदरुनी इलाके में नक्सलियों की ओर से मनाये जा रहे शहीदी सप्ताह के दौरान पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि मौके पर बारूदी सुरंग के चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार शाम जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान पर निकली थी। मंगलवार सवेरे से पुलिस और नक्सलियों के बीच रूक-रूक गोलीबारी जारी है। बारूदी सुरंग की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए जबकि मुठभेड़ जारी है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में बोलीं प्रियंका गांधी वाड्रा

# पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए।



### पाक के खिलाफ कार्रवाई क्यों रुकी

उनका कहना था कि पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कियदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाक आतंकवाद को पनाह देता है उसी को संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है।

### जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं थी सुरक्षा

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा क्यों नहीं थी। क्या सरकार को मालूम नहीं था कि वहां इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं तो उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां लोग सरकार से सुरक्षा के भरोसे गये थे लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने सवाल किया कि वहां लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की नहीं है।

### हमले की आरोपी आतंकी गुट के पर क्यों नहीं कतरे

प्रियंका ने कहा कि एक आतंकी गुट इस हमले की जिम्मेदारी लेता है। इस गुट ने 2025 तक 25 आतंकवादी हमले किये हैं। इसमें रियासी का 2024 का हमला भी था जिसमें नौ लोग मारे गए थे। आखिर सरकार इस आतंकवादी गुट के पर कतरने में विफल क्यों रही। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इस सदन में जितने लोग हैं सबके पास सुरक्षा है लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवारों के साथ जो हुआ, जितने लोग मारे गए उनमें 25 भारतीय थे।

### सरकार बताए किसके दबाव में हुआ युद्धविराम: सपा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनीति लाभ लेने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए कि किसके दबाव में युद्धविराम किया गया जबकि देश की सेना को बढ़त हासिल थी। सपा के अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में सेना की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए किसके दबाव में युद्धविराम हुआ। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि किस प्रकार खुफिया की विफलता रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सदन में सत्ता पक्ष के लोग ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे जनता सम्मोहित हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। 370 के खात्मे के बाद सरकार ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा।

# हम चट्टान की तरह सरकार के साथ: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



लोस में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और पहलगाम हमले की निंदा की, पाकिस्तान को खूब क्लास लगाई और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था। युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी ने इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था। विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे। मैं करनाल में नरवाल के घर गया। मैंने उनका दुख महसूस किया। कानपुर में दूसरे परिवार से मिला। जब भी मैं सेना के किसी

**पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए**

व्यक्ति से मिलने के दौरान हाथ मिलाता हूं तो मुझे पता लग जाता है कि यह टाइगर है। सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है। सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। राहुल ने कहा कि जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिब(ता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

# श्रीनगर: यातना मामले की सीबीआई जांच शुरू

**श्रीनगर।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के कॉस्टेबल खुर्शीद अहमद चौहान को हिरासत में यातना दिए जाने के मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।।

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए गत 26 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस के छह अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें पुलिस उपाधीक्षक एजाज अहमद नायको, उप-निरीक्षक रियाज अहमद और चार अन्य जहांगीर अहमद, इम्तियाज अहमद, मोहम्मद यूनिस और शाकिर अहमद शामिल हैं। ये सभी कुपवाड़ा स्थित संयुक्त पूछताछ केंद्र में तैनात हैं। प्राथमिकी में आपराधिक षड्यंत्र, हत्या का प्रयास, जानबूझकर चोट पहुंचाना और गंभीर चोट पहुंचाना, खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना और तीन या उससे अधिक दिनों तक गलत तरीके से बंधक बनाए रखना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र कुंडू के नेतृत्व में सीबीआई अधिकारियों की टीम कल जांच शुरू करने के लिए श्रीनगर पहुंची। जिला पुलिस मुख्यालय बारामूला में तैनात कांस्टेबल खुर्शीद चौहान को पुलिस ने मादक पदार्थ मामले की जांच के सिल. सिले में 20 फरवरी-2023 को एसएसपी कुपवाड़ा के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए बुलाया था।

### कांवड़ को अनपढ़ों की यात्रा बताने वाले सपा पर भड़की भाजपा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बलिया से समा. जवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कांवड़ यात्रा पर विवादित बयान देते हुए इसे अनपढ़ों की यात्रा बताया है।

भारतीय जनता पार्टी ने रिजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ये बयान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इशारे पर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी हो जाए तो सर तन से जुदा के नारे लहराने लगते हैं, लेकिन हिंदू धर्म, धर्मग्रंथों, साधु संतों, रीति रिवाज और परंपराओं पर कोई कुछ भी मनमाने पूर्ण ढंग से अपमानित कर देता है, इसका प्रबलता से विरोध भी नहीं होता।

# यूपी में 23 आईएएस का तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में इस बार 23 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। 10 जिलों के जिला. धिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। गोरखपुर, गाजियाबाद, ललितपुर, बहराइच, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), कासगंज, गोंडा, कानपुर देहात, मिर्जापुर और प्रयागराज के जिलाधिकारी बदले गए हैं। कासगंज को डीएम रहीं मेधा रूपम को बड़ी जिम्मेदारी मिली है, योगी सरकार ने उन्हें नोएडा की कमान सौंपी है।

प्रयागराज के डीएम रहे रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद का नया डीएम बनाया गया है। बता दें कि कुल 23 आईएएस अधिकारियों का



सोमवार रात ट्रांसफर किया गया। आईएएस दीपक मीना को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इस प्रकार आईएएस रविंद्र कुमार मांदड़ डीएम गाजियाबाद, मनीष वर्मा डीएम प्रयागराज, मेधा रूपम डीएम नोएडा, प्रणय सिंह डीएम कासगंज,

**मेधा रूपम बनीं नोएडा की नई जिलाधिकारी**

**रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद की कमान**

कपिल सिंह डीएम कानपुर देहात, अक्षय त्रिपाठी डीएम बहराइच, अमन दीप डुली डीएम ललितपुर, पवन कुमार गंगवार डीएम मिर्जापुर और प्रियंका निरंजन डीएम गोंडा बनी हैं। गोंडा की जिलाधिकारी रहीं नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। बहराइच की जिला. धिकारी रहीं मोनिका रानी को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है।



**सेंसेक्स** 81337.95
**निफ्टी** 2482110



**सोना रु.** 98274
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113590
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को चौतरफा लिवाली के दम पर बीएसई का सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,337.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.20 अंक (0.57 प्रतिशत) चढ़कर 24,821.10 अंक पर पहुंच गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के साथ एलएंडटी और भारती एयरटेल ने भी बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सुबह गिरावट में रहे। सेंसेक्स करीब 271 अंक टूटकर 80,620.25 अंक पर खुला और 80,575.45 अंक तक उतर गया। यूरोप में बाजार खुलने और वहां तेजी रहने से



दोपहर बाद घरेलू बाजारों में भी लिवाली शुरू हो गई और सेंसेक्स बीच कारोबार में 81,429.88 अंक को छूने में कामयाब रहा।

इसी प्रकार, निफ्टी.50 भी 30 अंक की गिरावट में 23,663 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 23,620.90 अंक रहा जबकि ऊपर यह 23,936 की मजबूती में रहा। एशियाई बाजारों में... सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.21 प्रतिशत और एलएंडटी का 2.13 प्रतिशत की मजबूती में रहा। एशियन पेंट्स में 1.81 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.48 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक 0.73 प्रतिशत की गिरावट आई।

एनएसई में ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.81 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 में 1.03 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। रियलिटी, फार्मा और हेल्थकेयर के साथ ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों में भी तेजी रही। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 0.79 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ।

### एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ एमओयू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में स्वच्छ परिवहन और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों के विकास में तेजी लाने के लिए भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नवाचार-केंद्रित 50 से अधिक स्टार्टअप्स के गठबंधन स्टार्टअप पॉलिसी फोरम (एसपीएफ) के नेतृत्व में 'बिल्ड इन भारत' पहल के अंतर्गत यह सहयोग किया जा रहा है। यह समझौता ज्ञापन डीपीआईआईटी और एथर एनर्जी के बीच व्यापक साझेदारी की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी हुई और महंगी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 172 रुपए गिरकर 98,274 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

चांदी की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,984 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 91,500 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,112 रुपए बढ़कर 98,274 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव 27,573 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए पर पहुंच गया है।

# प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात बढ़ाने की जरूरत

## उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से विषय पर सेमिनार में बोले मंत्री

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि देश के खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात की हिस्सेदारी फिलहाल 23 प्रतिशत है जिसे और बढ़ाने की जरूरत है।

श्री पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना: उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से' विषय पर आयोजित एक क्षेत्रीय सेमिनार में कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अभी अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर किसानों और छोटे उद्यमियों के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश तब तक वास्तव में सक्षम नहीं बन सकता जब तक हमारे किसान सशक्त न हों। इस दिशा में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना एक परिवर्तनकारी कदम है जो फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देता है और किसानों को सीधे वैश्विक बाजारों से जोड़ता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश से प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात का हिस्सा 2013 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 23 प्रतिशत हो गया है। यह एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के अनेक राज्य, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि उत्पादन में अग्रणी होने के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपेक्षाकृत पीछे हैं। ऐसे राज्यों में कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स जैसी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने की जरूरत है। सेमिनार में उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। श्री पासवान ने घोषणा की कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' का आयोजन इस वर्ष सितंबर में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर..**

है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले की उसके आका और पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट है कि अब भारत पर हमला हुआ, तो हम अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेंगे। कोई भी परमाणु हमले की धमकी नहीं चलेगी। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हमने बहावलपुर, मुरीदके को ध्वस्त कर दिया। तीसरा पक्ष पाकिस्तान की परमाणु धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। भारत ने सिद्ध कर दिया कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी और भारत नहीं झुकेगा। चौथा पक्ष भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई। पाकिस्तान के सीने पर सटीक प्रहार किया। उसको भारी नुकसान हुआ। आज तक उनके कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। आज तकनीकी आधारित युद्ध का युग है। ऑपरेशन सिंदूर इसमें सफल हुआ है। पिछले 10 साल में जो हमने तैयारियां की हैं वो न की होती, तो हमारा नुकसान बहुत होता। पांचवां पक्ष आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना। मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तान के हथियारों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आज भी आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। हमारी सेना की सफलता का पहला पक्ष है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना को अंदाजा लग चुका था कि भारत बड़ी कार्रवाई करेगा। उनकी तरफ से परमाणु बम की धमकी के बयान आने लगे थे। भारत ने छह मई की रात और सात मई की सुबह बड़ी कार्रवाई की। पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला ले लिया। दूसरा पक्ष पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई कई बार हुई है, लेकिन पहली बार भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए, वहां हम पहुंचे। पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं कर दिया। पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोंकने की साजिश थी। देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। 22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से और विश्व को समझाने के लिए अंग्रेजी में कहा था कि हम आतंक को मिट्टी में मिला देंगे। सजा उनके आकाओं को भी होगी। कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। 22 अप्रैल को मैं विदेश से लौटा और आने के बाद मैंने बैठक बुलाई। हमने साफ निर्देश दिए कि आतंकवाद का करारा जवाब देना होगा। ये हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें हमारे सैन्य बलों की क्षमता पर विश्वास है। सेना को खुली छूट दे दी गई। कहा गया कि सेना तय करे कि कब, कहां, कैसे, किस प्रकार से हमला करना है। सत्र के प्रारंभ में मैंने सांसदों से कहा था कि यह सत्र भारत के विजयोत्सव का है।

**राज्यसभा में...** सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया।

# यूपी में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नवंबर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी कर रही है, जिसके माध्यम से एक और बड़ा निवेश धरातल पर उतरने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब तक दो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है।

पहला समिट 2018 में, जिसमें 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। वहीं, दूसरा समिट 2023 में, जिसमें रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से धरातल पर उतरे निवेश ने प्रदेश को एक नई पहचान दिलाई है। क्षेत्रवार परियोजनाओं का विश्लेषण करें तो निवेश परियोजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र (62.25 प्रतिशत) का है। सेवा क्षेत्र में 28.09 प्रतिशत परियोजनाएं हैं, जबकि शेष निवेश अवसंरचना और अन्य क्षेत्रों में हुआ है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की स्पष्ट नीतियों, पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण ने प्रदेश को एक नए औद्योगिक युग में पहुंचा दिया है। योगी के अब तक के शासनकाल में प्रदेश में 16 हजार से अधिक निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनमें से आठ हजार से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि आठ हजार से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस, औद्योगिक भूमि की आसान उपलब्धता, बेहतर कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और प्रशिक्षित मानव संसाधन जैसे कारकों के चलते उत्तर प्रदेश आज देश-विदेश के निवेशकों का विश्वसनीय निवेश गंतव्य बन चुका है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक रातें, ईरेक्टाइल, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन पर बनेगा प्लान

## व्यवस्थाओं के लिए मंडलायुक्त को बनाया गया नोडल अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को चिन्हित किया जाएगा जहां पर भीड़ की अधिकता से भगदड़ जैसी घटना की संभावना बन सकती है। उनमें भीड़ प्रबंधन और व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में प्रदेश के महत्त्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबन्धन आदि के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार के मनसा देवी में श्रद्धालुओं में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए प्रदेश के ऐसे सभी धार्मिक स्थलों, जहाँ महत्त्वपूर्ण दिवसों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ जैसी घटनाओं की आशंका बनी रही है, को चिन्हित कर उन में अंशकालिक एवं दीर्घकालिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु सचिव शैलेश बगौली, धीराज सिंह गरब्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में माध्यम से कमिश्नर कुमायूँ दीपक रावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### विशेषज्ञ करेंगे क्राउड मैनेजमेंट सर्वेक्षण

मुख्य सचिव ने कहा कि धार्मिक स्थलों के मार्गों में सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाए। मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों में भीड़ प्रबंधन के लिए तकनीक का प्रयोग भी किया जाए। कहा कि धार्मिक स्थलों में अत्यधिक भीड़ होने पर मार्गों में श्रद्धालुओं को रोके जाने हेतु स्थल तैयार किए जाएँ, और एसओपी भी बनेगी।

### रुट और सर्कुलेशन प्लान तैयार करेंगे

मुख्य सचिव ने कहा की प्रत्येक धार्मिक स्थल के लिए रूट और सर्कुलेशन प्लान तैयार किया जाए, ताकि धार्मिक स्थलों में अचानक भीड़ ना हो। भीड़ होने की संभावना को देखते हुए श्रद्धालुओं को रोके जाने के लिए पूर्वनिर्धारित स्थानों में रोका जाए। मुख्य सचिव ने श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन करने के लिए तकनीक का उपयोग करते हुए भीड़ प्रबंधन तंत्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी प्रकार की भौतिक एवं तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### पहले चरण में महत्वपूर्ण मंदिरों का होगा सर्वेक्षण


मुख्य सचिव ने अधिक महत्त्वपूर्ण मंदिरों को प्राथमिकता पर लेते हुए पहले चरण में मनसा देवी, चंडी देवी, नीलकंठ, कैंची धाम और पूर्णागिरि मंदिर का विशेषज्ञों के माध्यम से विश्लेषण करा लिया जाए। स्थानीय प्रशासन एवं धार्मिक स्थलों के हितधारकों को विशेषज्ञों की टीम को हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# गुलदार का आतंक: दो पर हमला, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में गुलदार का आतंक एक बार फिर बढ़ने लगा है। रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिले में गुलदार के हमले से दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि क्षेत्र में एक महिला पर गुलदार ने कमरे में सोते समय हमला किया। गुलदार ने दरवाजा तोड़कर महिला को घसीटने का प्रयास किया, लेकिन महिला के पति ने लाठी से वार कर गुलदार को भगा दिया। महिला के नाक और माथे पर गहरे घाव हैं। पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में एक युवक पर गुलदार ने शौच के लिए जाते समय हमला किया। युवक की हालत गंभीर है और उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस इलाके में गुलदार की सक्रियता बढ़ी है और पूर्व में भी दो लोगों पर हमला हो चुका है। अब लोग अकेले सुनसान इलाकों में जाने से परहेज कर रहे हैं।



- रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि और पौड़ी के श्रीनगर की घटना

# पंचायत चुनाव: अवशेष मतपत्रों को सुरक्षित रखने की मांग

## पीसीसी अध्यक्ष करन माहरा ने लिखा राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की निष्पक्षता व पारदर्शिता के मद्देनजर चुनावों के लिए छपवाये गये अवशेष मतपत्रों को सुरक्षित कराये जाने की मांग की है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में माहरा ने कहा है कि उत्तराखंड प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए 24 व 28 जुलाई 2025 को दो चरणों में मतदान सम्पन्न हुआ व 31 जुलाई को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है। माहरा ने कहा कि निर्वाचन आयोग किसी भी चुनाव में हमेशा मतदाताओं की संख्या से अधिक मतपत्र छापता है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए छपे हुए वे मतपत्र जो पोलिंग पार्टियों को नहीं दिए गये, तथा जो आज भी ब्लाक के रिटर्निंग ऑफिसरों व जिले के प्रभारी निर्वाचन अधिकारी मतपत्र, के पास अवशेष बचे हुए हैं, उन सभी मतपत्रों को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतगणना से पूर्व डबल लॉक में अकाउंट बनाकर बंद किया जाय। इस अकाउंट की प्रतिलिपि, जिसमें मतपत्रों का पूर्ण विवरण हो कि कुल कितने मतपत्र छापे गये, कितने पो. लिंग पार्टियों को दिये गये तथा कितने मतपत्र अवशेष बचे हुए हैं, इसका सम्पूर्ण ब्यौरा सभी राजनैतिक पार्टियों को दिया जाय।



# बर्फबारी वाले क्षेत्रों में 1 अक्टूबर 2026 से होगी जातीय जनगणना

## जनगणना आंकड़ों का संग्रह नहीं, विकास योजना का बुनियादी आधार: त्रिवेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने संसद में जनगणना-2027 को लेकर प्रश्न पूछा, जिसके उत्तर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जनगणना-2027 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया है और इसके लिए राजपत्र अधिसूचना 16 जून, 2025 को जारी कर दी गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि सामान्य क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि (00:00 बजे) होगी।और हिमालयी बर्फबारी वाले क्षेत्रों (जैसे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के असमय बर्फीले क्षेत्र) के लिए यह तिथि 1 अक्टूबर, 2026 की मध्यरात्रि (00:00 बजे) निर्धारित की गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि जनगणना-2027 के लिए वित्तीय परिव्यय को अंतिम रूप दिया जा रहा है, और इसकी जानकारी समय पर साझा की जाएगी।




### 'विकसित भारत 2047' के विजन को गति

सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास की बुनियादी योजना का आधार होती है। सरकार द्वारा जाति आधारित आंकड़ों को शामिल करने और दो चरणों में जनगणना करने का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे योजनाओं को और अधिक लक्षित रूप में क्रियान्वित किया जा सकेगा। यह जनगणना डिजिटल तकनीक और डेटा पारदर्शिता की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी, जिससे 'विकसित भारत 2047' के विजन को गति मिलेगी।

### जनगणना दो चरणों में आयोजित होगी

**पहला चरण-मकान सूचीकरण और मकानों की गणना:** इसमें प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी।

**दूसरा चरण-जनगणना:** इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। विशेष रूप से, इस जनगणना में जाति आधारित गणना भी की जाएगी।

### एनपीआर अपडेट करने का निर्णय नहीं: राय

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन करने का कोई निर्णय फिलहाल नहीं लिया गया है। सरकार द्वारा केवल जनगणना कराने की अधिसूचना जारी की गई है। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की संचालन तिथियां उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी।

# एनईपी से डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को मिला बल:डॉ. रावत

## उत्तराखंड में कौशल आधारित शिक्षा पर सरकार का विशेष फोकस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** नई शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन का नतीजा है कि उत्तराखंड में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है। साथ ही शिक्षा के सभी स्तरों पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राज्य सरकार का फोकस प्रदेश में कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि प्रदेश का युवा वैश्विक अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका निभा सके।

यह बात सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भारत मंडपम परिसर नई दिल्ली में आयोजित ''अखिल भारतीय शिक्षा समागम, 2025'' में प्रतिभाग करने के बाद मीडिया से साझा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2025 की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, शिक्षकों, उद्योग जगत के दिग्गजों और सरकारी प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्रगति की समीक्षा की और भविष्य में शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. रावत ने मीडिया से कहा कि उत्तराखंड सरकार एनईपी-2020 की अनुशंसा के अनुरूप राज्य में उच्च स्तरीय शैक्षणिक वातावरण विकसित करने में जुटी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसने सबसे पहले एनईपी-2020 को लागू किया और प्री-प्राइमरी स्तर पर लगभग 4 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों में 'बालवाटिका' कक्षाएं शुरू की, जो सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर स्मार्ट क्लासेज व आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जिससे छात्र-छात्राएं ऑनलाइन अध्ययन के साथ-साथ प्रयोगात्मक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।



### कहा -उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम को एनईपी-2020 के अनुरूप तैयार किया

उत्तराखंड में उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम को एनईपी-2020 के अनुरूप तैयार किया गया। जिसमें चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट व्यवस्था और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट सिस्टम को लागू किया गया है। जिससे छात्र अपनी पसंद के विषय और विश्वविद्यालय चुन सके। साथ ही पहले वर्ष के बाद प्रमाण पत्र, दूसरे वर्ष के बाद डिप्लोमा और तीसरे वर्ष के बाद डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।

### राज्य में कक्षा-6 से व्यावसायिक शिक्षा लागू

राज्य सरकार ने राज्य में कक्षा-6 से व्यावसायिक शिक्षा को लागू कर दिया है, जिसमें कोडिंग, कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और अन्य कौशल आधारित पाठ्यक्रम शामिल है। उच्च शिक्षा में देशभर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक व औद्योगिक घरानों के साथ एमओयू कर नये व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किये गये हैं। डॉ. रावत ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों के लिये विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किये हैं ताकि शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जा सके।

# चारधाम की यात्रा 41 लाख ने किए दर्शन

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश के बावजूद चारधाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में जोश कम नहीं हो रहा है। रोजाना करीब 14 हजार श्रद्धालु, चारधाम और हेमकुंड साहिब के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं, तीन महीनों में ही 41 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच चुके हैं। तीन महीने में ही श्रद्धालुओं का आंकड़ा 41 तक तक पहुंच सकता है तो फिर आगामी यात्रा के पीक सीजन में श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 लाख के पार हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, साल 2023 में चारधाम और हेमकुंड साहिब में करीब 56 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। साल 2024 में चारधाम और हेमकुंड साहिब में करीब 48 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जबकि इस साल 28 जुलाई तक श्रद्धालुओं का आंकड़ा 41 लाख के पार हो गया है।

# पंचायत चुनावों के दूसरे चरण में 69.16 फीसदी मतदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के दूसरे चरण के मतदान (सोमवार को) के आंकड़े जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि राज्य में पंचायत चुनावों का मतदान सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो गया है। राज्य के 12 जनपदों के 89 विकास खण्डों की संबंधित ग्राम पंचायतों में मतदाताओं द्वारा भारी उत्साह के साथ मतदान में प्रतिभाग किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार राज्य भर में कुल 69.16 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 64.23 प्रतिशत पुरुष और 74.42 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान में जनता का भारी उत्साह नजर आया जो लो. कतंत्र में गहरे विश्वास को दर्शाता है।

- 64.23 प्रतिशत पुरुष, 74.42 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल
- सोमवार की देर रात्रि तक मतदान के आंकड़े हुए फाइनल

# दिसंबर तक उत्तराखंड के हर घर में नल से जल पहुंच जाएगा : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** जल जीवन मिशन के तहत दिसंबर माह तक उत्तराखंड के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंच जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संसद में पूछे गए सवालों के जवाब में केन्द्र सरकार ने यह जानकारी दी। साथ ही बताया, विगत 5 वर्षों में राज्य के लाखों किसानों को फसल बीमा से लगभग एक हजार करोड़ की मदद प्राप्त हुई है।

सत्र के दौरान जल शक्ति मंत्रालय से उनके द्वारा अतारांकित प्रश्न सं. 879 में प्रदेश में जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर जानकारी मांगी गई थी। जिसके जबाब में राज्य मंत्री, जल शक्ति श्री वी. सोमण्णा ने उत्तर दिया कि उत्तराखंड सहित राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन कार्यान्वित हो रही है, ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल आपूर्ति का प्रावधान किया जा सके।

# अब गांव नहीं, सरकार को गोद देने की जरूरत: गणेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने सांसदों की और से गोद लिए गए गांवों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए तंज कसते हुए कहा कि अब गांव गोद से उतरकर सड़क पर दौड़ने को आतुर हैं।

उन्होंने कहा कि गांवों के बाद सरकार ने अस्पताल गोद दिये, उनकी हालत सबके सामने है और अब शिक्षा मंत्री ने 550 स्कूलों को गोद देने की घोषणा कर दी है। गोदियाल ने कटाक्ष किया कि गोद तो निर्धन, यतीम और असहाय को लिया जाता है। अगर सरकार शिक्षा व्यवस्था को सही ढंग से नहीं चला सकती तो उसे सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने अपने सभी मंत्रियों को गोद में बैठा रखा है, जिससे सरकार का असली कामकाज ठप हो गया है।




### भ्रष्टाचार को खुद पोषित कर रहे सीएम: गोदियाल

गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कृषि मंत्री गणेश जोशी पर केस दर्ज कराने की अनुमति न दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट करता है कि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों पर पर्दा डालने का काम कर रही है। उन्होंने मांग की कि ऐसे सभी कानून खत्म किए जाएं, जिनमें किसी मंत्री पर केस दर्ज करने से पहले सरकार की अनुमति जरूरी होती है। पंचायत चुनावों में जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए आरक्षण लागू न किए जाने पर भी आपत्ति जताई और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया।

### धर्मांतरण कानून पर भी उठाए सवाल

धर्मांतरण रोकने के लिए बने कानून के बावजूद घटनाएं न रुकने पर गोदियाल ने सरकार को नाकाम बताया। उन्होंने कहा कि यदि कानून के बावजूद स्थिति नहीं सुधर रही, तो यह सरकार और मुख्यमंत्री की प्रशासनिक विफलता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पुराना कानून बेअसर था तो उस पर करोड़ों रुपये प्रचार में क्यों खर्च किए गए?। उन्होंने हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर हादसे पर बोलते हुए कहा कि सरकार असल कारणों को छिपा रही है। उन्होंने सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग की। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, किशोर हिन्दवान, अश्वनी बहुगुणा व पंकज क्षेत्री भी मौजूद रहे।

# दुश्वारियां: सड़क के अभाव में नहीं हो रहीं शादियां

## नैनीताल से महज 3 किमी दूर 'आधुनिक गांव' विकास से कोसों दूर

- बच्चों को रोज 10 किमी पैदल तय करना पड़ता है सफर पालकी में मरीज
- गर्भवती महिलाओं की जान पर बन आती है
- फल-सब्जियां खेतों में सड़ रहीं, सिलेंडर लाने को देने पड़ते हैं 400 रुपये

**अफजल हुसैन 'फौजी'**

**नैनीताल।** सरकार भले ही हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे करती हो, लेकिन उत्तराखंड में आज भी कई गांव ऐसे हैं जहां विकास की मुख्य धारा सड़क न पहुंचने के कारण नहीं जुड़ पाए हैं। ऐसा ही एक जीता-जागता उदाहरण है नैनीताल जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित गैरखेत गांव, जहां आज भी सड़क नहीं पहुंच पाई है। इस वजह से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, और यह गांव विकास की दौड़ में मीलों पीछे छूट गया है।



**बच्चों की शिक्षा पर संकट, 10 किमी पैदल सफर:** गैरखेत के नौनिहाल आज भी रोजाना 10 किलोमीटर पैदल घुमावदार और जंगली रास्तों से चलकर नैनीताल शहर स्थित स्कूलों में पढ़ने आते हैं। शिक्षा के लिए बच्चों को शहर आने-जाने में लगभग 2 घंटे लग जाते हैं। स्थानीय निवासी हिमानी बिष्ट बताती हैं, ष्गैरखेत में अभी तक रोड नहीं पहुंची है, जबकि सब जगह रोड बन चुकी है। गांव में किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है, न ही स्वास्थ्य की सुविधा, न ही शिक्षा की सुविधा। कॉलेज में एग्जाम जल्दी होने के कारण हमें सुबह घर से जल्दी निकलना पड़ता है ताकि समय से हम अपनी परीक्षा देने पहुंच सकें। जंगल के रास्ते से जाने में जंगली जानवरों का काफी डर रहता है।



**पालकी पर मरीज, गर्भवती महिलाओं के बिगड़े केस:** स्वास्थ्य सेवाओं का तो और भी बुरा हाल है। यदि किसी ग्रामीण का स्वास्थ्य खराब हो जाए, तो उन्हें कंधों पर पालकी की मदद से नैनीताल स्थित बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया जाता है। सबसे अधिक समस्या गर्भवती महिलाओं के लिए होती है। स्थानीय निवासी हेमा दर्द बयां करती हैं, ष्रोड नहीं होने की वजह से ही गांव में रिश्ते आने बंद हो गए हैं, कुंवारे लड़के-लड़कियों की उम्र बढ़ रही है और शादी की उम्र निकल रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल हैं। कई बार गर्भवती महिलाओं के केस खराब हो गए हैं। एक महिला के चार बार गर्भवती होने के बावजूद रोड न होने के कारण उनके केस खराब हो गए हैं।



**सड़क नहीं, तो बहू नहीं! पलायन को मजबूर गांव:** स्थिति इतनी विकट है कि गांव में सड़क न होने के कारण युवक-युवतियों की शादी में भी अड़चनें आ रही हैं। रिश्तेदार गांव आने से कतराते हैं। स्थानीय निवासी दीपिका बताती हैं, ष्गैरखेत में सबसे बड़ी समस्या यह है कि सड़क न होने की वजह से यहां युवक-युवती के लिए रिश्ते नहीं आ रहे हैं। इसी कारण आधा गांव पलायन कर चुका है।



### जल्द बनेगी सड़क



जिलाधिकारी वंदना सिंह का कहना है कि वन भूमि हस्तांतरण की तकनीकी अड़चनों के चलते प्रक्रिया लटकी हुई थी, लेकिन अब प्रस्ताव सभी स्तरों से होकर भारत सरकार तक पहुंच गया है. केंद्र सरकार के कुछ सवालों का जवाब भी भेजा जा चुका है और विभाग तेजी से काम कर रहा है. जल्द ही सड़क की समस्या का समाधान किया जाएगा. वहीं जिलाधिकारी के इस आश्वासन के बाद गांववालों को अब उम्मीद है कि दशकों पुराना यह इंतजार जल्द खत्म होगा और गैरखेत गांव भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएगा।



**रोजमर्रा की जिंदगी में चुनौतियां:** सड़क न होने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी भी दूभर हो गई है। घरों में सामान लाने के लिए मजदूरों को 500 रुपये देने पड़ते हैं। स्थानीय निवासी धीरज बताते हैं, ष्खेतों में उगने वाली साग-सब्जियां, फल सड़क के अभाव में शहर तक नहीं पहुंच पाते और खेतों में ही सड़ जाते हैं। यदि किसी के घर में गैस सिलेंडर खत्म हो जाता है तो शहर से पैदल कंधे में रखकर गांव तक लाया जाता है, जिस पर 400 रुपये की अतिरिक्त मजदूरी लग जाती है। कोई अधिकारी हमारी सुध लेने वाला नहीं है।ष मनीष जलाल बताते हैं कि शहर तक आने के लिए उन्हें काफी पैदल चलना पड़ता है और ऊपर से पत्थर भी गिरते हैं जिससे छोटे बच्चों को चोट लगने का डर रहता है। ग्रामीण जानकी देवी कहती हैं कि शहर में काम करने वाली महिलाएं शाम के चार बजते ही घर लौटने की जल्दी में रहती हैं, चाहे मौसम कैसा भी हो।



**अधिकारी का दावा और अज्ञात कारण:** हालांकि, नैनीताल नगरपालिका के सभासद भगवत सिंह रावत का दावा कुछ और ही है। उन्होंने कहा, ष्नैनीताल जिले में ऐसा कोई गांव नहीं है जो अभी तक सड़क से नहीं जुड़ पाया हो। आज तक जितने भी गांव हैं, वहां पर लिंक रोड बन चुकी है और हर प्रकार की सुविधा दी जा रही है।ष लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गैरखेत ग्रामीण 2008 से रोड को लेकर मांग कर रहे हैं, लेकिन ष्अज्ञात कारणोंष से यहां पर रोड नहीं बन पा रही है। गैरखेत के ग्रामीण अब भी आस लगाए बैठे हैं कि एक दिन उनके गांव तक भी सड़क पहुंचेगी और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे।

# आपदा के दृष्टिगत अलर्ट मोड में रहें अधिकारी: जैन

- आपदा राहत व पुनर्वास कार्यों को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक, समिति गठित कर विद्यालयों का सुरक्षा ऑडिट करने के निर्देश, रिस्पांस टाइम न्यूनतम करने के निर्देश,



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि के अन्र्तगत रूमसी, चमेली क्षेत्रों में आपदा के उपरांत राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर पेयजल एवं विद्युत लाइन की क्षति, पैदल मार्गों, सड़क मार्गों तथा विद्यालयों की स्थिति, प्रभावित परिवारों के विस्थापन की स्थिति व वितरित राशन किटों की संख्या की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपदा के दौरान हुई क्षति के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत को लेकर आवश्यक अनुमानित व्यय (इस्टीमेट) बनाकर शीघ्र उपलब्ध कराने, संबंधित योजनाओं के लिए शीघ्र अग्रेतर कार्यवाही करने तथा विद्युत विभाग को स्लाइडिंग जोन में कहीं भी विद्युत खंभे टेढ़े-मेढ़े न हों तथा शीघ्र निरीक्षण कर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। विद्यालयों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को जनपद के विद्यालयों का सुरक्षा ऑडिट कराने को लेकर एक विशेषज्ञ समिति गठित कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। रिपोर्ट में यह उल्लेख होगा कि जनपद में कौन-कौन से विद्यालय संवेदनशील एवं जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं।

इसके अलावा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि को सभी वार्डों में क्षतिग्रस्त पैदल रास्तों एवं ड्रेनेज व्यवस्था का शीघ्र अतिशीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर उक्त रास्तों के पुनर्निर्माण व मरम्मत कार्य अपने स्तर से करने व नगर पंचायत के अंतर्गत राजस्व में बढ़ोतरी करने को लेकर होर्डिंग लगाने तथा पार्किंग आदि की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने सभी विभाग आपदा के दृष्टिगत अलर्ट मोड में रह कर आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी यक्षी अरोड़ा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार, जिला पूर्ति अधिकारी केएस को. हली, अधिशासी अभियंता लोनिवि, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शौच के लिए गए युवक पर गुलदार ने किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत गंगा दर्शन के पास गुलदार ने एक व्यक्ति पर हमला बोल दिया। हमले में युवक के सर पर गंभीर घाव आएं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 6 बजे युवक शौच करने निकला था, तभी झांडियों में दुपके गुलदार ने उस पर हमला बोल दिया। शोर मचाने पर गुलदार से वहां से भाग निकाला। मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। गुलदार के हमले के बाद से नगर क्षेत्र में एक बार फिर दहशत का माहौल बना हुआ है। बताते हुए चले कि बीते 10 जुलाई को भी गंगा दर्शन के पास गुलदार ने एक युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। शोर मचाने पर आसपास के युवकों ने किसी तरह गुलदार के चंगुल से युवक को बचाया। लगातार हो रही गुलदार के हमलों से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि डायल 112 में गंगा दर्शन के पास पौड़ी रोड़ पर गुलदार के हमले से एक व्यक्ति जख्मी होने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने 32 वर्षीय युवक संदीप कुमार पुत्र विजयपाल निवासी रुड़की को संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद युवक को बेस चिकित्सालय श्रीकोट भेजा गया। बताया कि युवक के सर पर गंभीर घाव है। बताया कि युवक गौशाला में मजदूरी, ठेकेदारी का कार्य करता था। बताया कि अब युवक की स्थिति सामान्य है।

# मतगणना में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचें कार्मिक: सीडीओ

- पंचायत चुनाव मतगणना को लेकर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन, प्रशिक्षण सत्र में 470 कार्मिकों ने दो पालियों में किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पंचायत चुनाव में निष्पक्ष एवं व्यवस्थित मतगणना सुनिश्चित करने को लेकर विकासखंड अगस्त्यमुनि सभागार कक्ष में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में 470 मतगणना कार्मिकों ने दो पालियों में प्रतिभाग किया। इस दौरान कार्मिकों को निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों, मतगणना प्रक्रिया, गोपनीयता और निष्पक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि मतगणना एक अत्यंत जिम्मेदार एवं संवेदनशील कार्य है, जिसमें प्रत्येक कार्मिक की भूमिका अहम होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों का अक्षरश: पालन करें और किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने की अपील की जिससे निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनी रहे।

मास्टर ट्रेनरों ने कार्मिकों को मतगणना प्रपत्रों की भराई, बैलेट बॉक्स की गिनती, गोपनीयता की सुरक्षा और आवश्यक उपकरणों की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, ऊखीमठ की बीडीओ एवं मास्टर ट्रेनर अनुष्का, मुख्य मास्टर ट्रेनर लोकेन्द्र बिष्ट, द्वितीय मास्टर ट्रेनर मनोज बिष्ट, एआरओ अतुल सेमवाल, राम प्रकाश नैथानी एवं यशवीर रावत सहित अन्य मौजूद थे।

# आईटीबीपी 12 वीं बटालियन के हिमवीरों ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** 12वीं बटालियन आई०टी०बी०पी० मातली उत्तरक. ाशी के हिमवीरों ने अपना 39 वाँ स्थापना दिवस बडेÞ ही उत्साह पूर्वक मनाया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सुसज्जित परेड के साथ हुआ जिसकी कमान रोहित शुक्ला सहायक कमांडेंट द्वारा संभाली हुई। इस दौरान सचिन कुमार कमांडेंट बटालियन के समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, हिमवीरों व उनके परिवारजनों को 12वीं बटालियन के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान कमांडेंट बटालियन सचिन कुमार कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 29 जुलाई 1987 को बल के पुर्नगठन के पश्चात् 12वीं बटालियन की स्थापना हुई थी। अपनी स्थापना के पश्चात् 12वीं बटालियन के द्वारा शौर्य, दृढता एवं कर्मनिष्ठा के साथ अपनी ड्यूटियों का निर्वहन किया है। उन्होंने बटालियन के पदाधिकारियों को भविष्य में भी अपने कार्य को कुशलता से करने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया तथा आश्वस्त किया कि 12वीं बटालियन इसी तरह से बल को अपनी निष्ठा पूर्ण सेवाएं देती रहेगी। स्थापना दिवस समारोह में बटालियन के पदाधिकारियों, हावा सदस्याओं, बच्चों तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए मीना बाजार, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया ।

भारत-चीन बॉर्डर पर भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस सीमा की चौकसी में डटे हिमवीरों ने 10 से 15 हजार फीट पर स्थित नीला पानी , पीडीए,सोनम, जादुंग, नेलांग कुपाग अग्रिम चौकी में तिरंगा फहराया व एक-दूसरे को मिठाई बांटी ।भारत-चीन बॉर्डर पर भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) यूं तो दुश्मन की हर गतिविधि पर बाज की तरह पैनी निगाह रखती है, लेकिन देश की अन्य फोर्स के मुकाबले इनका जज्बा और चुनौतियां कहीं ज्यादा हैं। दरअसल हिमालय की चोटियों पर जहां के जिक्र मात्र से ही आमजन के रोंगटे खड़े हो जाते हैं, वहां आईटीबीपी के हिम वीर जान की परवाह न करते हुए देश की रक्षा में दिन-रात मुस्तैद हैं।

इस अवसर पर डॉ० सरबजीत सिंह सी०एम०ओ/एस०, श लेखराज राणा उप०कमा०, मनोज कुमार सहा०कमां, हेमंत चतुर्वेदी सहा०कमां, सेवानिवृत पदाधिकारियों से बच्चन सिंह नेगी उप.कमा, जयपाल सिंह सहा०कम. ां, कृपाल सिंह सहा. कमां, एस. एस कुंद्रा निरीक्षक, बटालियन के समस्त पदाधिकारी तथा हावा सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर .......

### बाल सुरक्षा यात्रा अभियान के तहत निकलेगी जागरूकता रैली

**श्रीनगर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन में मंगलवार को तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं सिविल जज अलका की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं, शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन की बैठक आहुत की गई। बैठक में बुधवार को वर्ल्ड डे अगेंस्ट ट्रैफिकिंग इन पर्सन्स के अवसर पर बाल सुरक्षा यात्रा अभियान को चलाये जाने पर चर्चा की गई। इस मौके पर नगर क्षेत्र में स्कूली छात्र-छात्राओं के ओर से जीजीआईसी श्रीनगर से नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर जागरूकता रैली निकाली जायेगी। बैठक में बार एसोशिएशन अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, एसएसआई भुवन चन्द्र, दीपक सिंह भण्डारी, अरविन्द कठैत,अश्वनी रावत, पूनम हटवाल, प्रियंका रॉय, प्रकाश नेगी, मानव सहित आदि मौजूद थे।

### एबीआरएसएम करेगा वार्षिक गतिविधि कैलेंडर तैयार

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा महासंघ (एबीआरएसएम) इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना और गति. विधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सोमवार को हाइब्रिड मोड पर आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों श्रीनगर, टिहरी और पौड़ी से एबीआरएसएम इकाई के सदस्य शामिल हुए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा महासंघ इकाई अध्यक्ष डा. आलोक सागर गौतम ने अध्यक्षीय संबोधन में एबीआरएसएम के उद्देश्य और कार्यदिशा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर आगामी गतिविधियों के संचालन के लिए एक वार्षिक गति. विधि कैलेंडर तैयार करने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने विश्वविद्यालय में एबीआरएसएम की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही संगठन के कार्ययोजना पर अपने सुझाव रखे, वहीं विश्वविद्यालय स्तर पर शैक्षणिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को सशक्त करने के लिए सामूहिक रूपरेखा तय की गई। बैठक में उपाध्यक्ष प्रो. अनूप पांडेय, महासचिव डॉ. साकेत भारद्वाज, कोषाध्यक्ष डा. देवेंद्र सिंह, प्रो. एमसी. पुरोहित, डा. अतुल सैनी, डा. प्रेम बहादुर सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आधुनिक बस अड्डा निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर किया रोष व्यक्त

**कोटद्वार ।** नागरिक मंच ने अब तक मोटर नगर में प्रस्तावित आधुनिक बस अड्डा निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर रोष व्यक्त किया है और इस संबध में दो अगस्त को मोटर नगर निर्माण स्थल पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबध में मंगलवार को मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी और महासचिव अतुल भट्ट की ओर से नगर निगम महापौर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण से शहर को जाम से निजात मिल सकती थी, लेकिन कुछ औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद भी न तो पिछले नगर निगम कार्यकाल में और न ही वर्तमान नगर निगम कार्यकाल में बस अड्डा निर्माण की कोई उम्मीद नजर आ रही है। इन सब बिंदुओं की ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नागरिक मंच ने बस अड्डा निर्माण स्थल पर दो अगस्त को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।


### किशोर स्वास्थ्य विषय पर आयोजित क्वीज में प्रिया ने मारी बाजी

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आयोजित किशोर स्वास्थ्य दिवस पर 58 किशोरों की बीएमआई स्क्रीनिंग व पोषण सुधार सहित किशोरों से जुड़े मसलों को लेकर काउंसलिंग की गई। इस दौरान पोषण में सुधार विषय पर आयोजित क्वीज में प्रिया अव्वल रही।विकासखंड जखोली के अंतर्गत राइंका सिद्धसौड़ में आयोजित किशोर स्वास्थ्य दिवस के प्रथम सत्र में 58 बच्चों की बीएमआई स्क्रीनिंग व काउंसलिंग की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 10-19 आयु वर्ग के किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# कोटी ढुण्ढसिर और पैण्डुला में टपकती छत में भविष्य संवार रहें नौनिहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत कई ऐसे राजकीय विद्यालय है जो अपनी बदहाली के दिन गिन रहें है। कीर्तिनगर के दुरस्त गांव कोटी ढुण्ढसिर का राजकीय जूनियर हाईस्कूल और पैण्डुला का राजकीय प्राथमिक विद्यालय जीर्णशीर्ण स्थिति में पड़ हुआ है। विद्यालय भवन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त पडा हुआ है। टपकती छत के कारण छात्रों का पठन-पाठन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय नौनिहालों को हर समय भय का माहौल बना रहता है। विद्यालय में थापली, कोटी, डूंगरा और धारी ग्राम



सभा के 25 छात्र-छात्राओं अध्ययनरत है और चार शिक्षक कार्य कर रहें है। विद्यालय की स्थिति को देखते हुए परिजनों में भी भय का माहौल बना हुआ है। विगत 2020 से जर्जर स्थिति में पड़ा विद्यालय ने पूरे सिस्टम की पोल खोल कर रख दी है। एक तरफ सरकार विद्यालयों को हाईटेक बनाने और विद्यालयों में हर प्रकार कि सुविधा मैहय्या कराने की बात कर रहा है, कीर्तिनगर ब्लाक का यह विद्यालय अपने बदहाली पर रो रहा है। कोटी ढुण्ढसिर के ग्रामीण सूरत सिंह नेगी, विनोद सिंह नेगी, दिनेश सिंह कंडारी, जितेंद्र सिंह भंडारी, मदन सिंह नेगी का कहना है कि 20 दशक पहले का बना यह विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ है। बच्चे जब स्कूल जाते है तो परिजनों को उनकी चिंता सताती रहती है। विद्यालय की स्थित इस कदर है कि छात्र और शिक्षक छाता के बल अपने पढाई और पठन-पाठन पूरा करवा रहें है। कहा कि पूर्व प्रधान सिता देवी और पिंकी देवी के द्वारा लगातार 2021-22 से विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त होने के संबंध में लगातार स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक पत्राचार किया जा रहा है, किंतु कोई उचित कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन लाल ने कहा कि ग्राम प्रधान ने शासन को पत्राचार किए जा चुके हैं, किंतु कोई उचित कार्यवाही शुरू नहीं हो पाई है। वहीं निवर्तमान प्रधान पैण्डुला सुनय कुकशाल ने बताया कि विद्यालय की स्थिति दयनीय पड़ी हुई है। बताया कि मामले को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन भेजे जा चुके है बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है।

"त्रिस्तरीय चुनाव खत्म होने के बाद सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पड़े विद्यालयों की रिपोर्ट मंगवाई जायेगी। उसके बाद ही कार्यवाही की जायेगी।" शिव प्रसाद सेमवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, टिहरी गढ़वाल।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन ने कराया भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड अगस्त्यमुनि क्षेत्र अंतर्गत हुई अतिवृष्टि एवं बादल फटने की घटनाओं ने कुछ क्षेत्रों को प्रभावित किया था। रूमसी, चमेली तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा एवं जल प्रवाह के कारण कुछ स्थानों पर भूस्खलन, भूधंसाव तथा नालों में तीव्र बहाव से ग्रामीणों के आवासीय भवन, गौशालाएं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई थी।आपदा की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत, पुनर्वास एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

# विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और शाासन-प्रशासन से इस संबध में हस्तक्षेप की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में भाबर क्षेत्र के औद्योगिक स्थान स्थित कंपनियों में स्थानीय कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जा रही है और बाहरी कर्मियों को रोजगार दिया जा रहा है जो अनुचित है।

प्रशासन को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए। वहीं चिलरखाल - लालढ़ांग मोटर मार्ग न बनने से उत्तराखंड के लोगों को यूपी के रास्ते हरिद्वार व देहरादून जाना पड़ रहा है।

वहीं मोटर नगर बस अड्डा निर्माण, शहर में पार्किंग व्यवस्था और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौ वंशों की समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया है। शासन प्रशासन को इस संबध में अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, अनिल कुमार डबराल, अनूप बिष्ट, ज्ञान पाल सिंह रावत, प्रेम सिंह नेगी, नरेन्द्र सिंह रावत, हरीश चंद्र खुगशाल व बलवान सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# डेंगू संक्रमण को लेकर प्रशासन सतर्क, जिलाधिकारी ने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में डेंगू संक्रमण की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और नगर निकायों को निर्देशित किया है कि डेंगू नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए और संवे. दनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से फॉगिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डेंगू जैसी संक्रामक बीमारी से बचाव केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा डेंगू की रोकथाम हेतु विभिन्न गतिविधियांकृजैसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें आमजन की सहभागिता को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग टिहरी गढ़वाल द्वारा डेंगू से बचाव को लेकर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव न होने दें। कूलर, गमले, टंकियां और अन्य जल स्रोतों की नियमित सफाई करते रहें ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, लोगों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने और मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।

यदि किसी व्यक्ति को बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द या त्वचा पर चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

साथ ही, यदि किसी मोहल्ले या क्षेत्र में जलभराव की समस्या दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नगर पालिका को दी जाए ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके।

जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वे प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन करें और अपने स्तर पर स्वच्छता बनाए रखें। यह सामूहिक प्रयास ही डेंगू संक्रमण को फैलने से रोक सकता है और जनस्वास्थ्य की रक्षा में सहायक सिद्ध होगा।

# सख्त नियम लागू, जुलूसों पर पूरी तरह प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत होने वाली मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने प्रत्येक मतगणना केंद्र पर समस्त प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था को सशक्त और सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे मतगणना प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और परिणाम समयबद्ध एवं निष्पक्ष रूप से घोषित किए जा सकें।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मतगणना स्थलों पर ऑनलाइन माध्यम से परिणाम प्रेषण के लिए कंप्यूटर कक्ष की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए, जिसमें पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर, फोटोकॉपियर, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मतगणना कक्षों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग और निगरानी की जाएगी, जिससे हर गतिविधि का दस्तावेजीकरण संभव हो सके।

मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन ने व्यापक योजना तैयार की है। प्रत्येक मतगणना स्थल पर एक जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी, साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। सुरक्षा बलों की तैनाती गणना हॉल या पंडाल के बाहर रहेगी और वे बिना निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर एक पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक या थानाध्यक्ष को विशेष रूप से तैनात किया जाएगा।

मतगणना केंद्र के 200 मीटर के दायरे में केवल ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। मतगणना केंद्र के भीतर केवल फोटोयुक्त पास धारक उम्मीदवारों या उनके मतगणना अभिकर्ताओं को ही प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत किसी भी प्रकार की सभा, शस्त्र ले जाने या भीड़ एकत्रित करने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतगणना केंद्रों में केवल मतगणना कार्मिक, निर्वाचन अधिकारी के सहायक, सुरक्षाकर्मी और व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। मतगणना के बाद परिणाम घोषित होने की स्थिति में किसी भी प्रकार के विजय जुलूस या सार्वजनिक आयोजन पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपील की है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से पूरी हो सके।

# सरकार ने खोले एकल महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बेलनी में बाल विकास परियोजना अधिकारी शैली प्रजापति ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड की एकल महिलाओं (जैसे विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, अपराध या एसिड हमले की पीड़ित) को वित्तीय सहायता प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र



लाभार्थी को उत्तराखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। उसकी आयु सीमा 21 से 50 वर्ष तथा वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम 72 हजार से अधिक की नहीं होनी चाहिए। उक्त योजना के तहत आवेदक महिला को अधिकतम दो लाख तक के प्रोजेक्ट के लिए सहायता दी जाएगी, इसमें सरकार 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान करेगी, जो अधिकतम 1.5 लाख हो सकती है, शेष 25 प्रतिशत लाभार्थी को स्वयं जोड़नी होगी। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मातृ वंदना की आईडी लॉगिन कर लाभार्थियों का फॉर्म भरने का प्रशिक्षण दिया गया।

# टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स में अग्निवीरों की होगी तैनाती

## अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस के अवसर पर घोषणा की है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में स्थापित की जा रही टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स में उत्तराखंड के अग्निवीरों को सीधी तैनाती दी जाएगी। टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स में 80 से अधिक युवाओं की भर्ती होगी।

इस बल का प्राथमिक उद्देश्य बाघों और उनके आवास की सुरक्षा को मजबूत करना है। इससे न केवल बाघ संरक्षण प्रयासों को मजबूती मिलेगी बल्कि अग्निवीर योजना के तहत प्रशिक्षित युवाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

**मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन भी:** बाघों के प्राकृतिक आवास का संरक्षण भी महत्वपूर्ण है। यह फोर्स वनों की कटाई और उनके आवास को नुकसान पहुंच. ाने वाली गतिविधियों को रोकने में मदद करेगी तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष का प्रबंधन में भी सहयोगी बनेगी, उन्होंने कहा कि कई बार बाघ आबादी वाले क्षेत्रों में आ जाते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष होता है। यह फोर्स ऐसी स्थितियों को संभालने और नियंत्रित करने में प्रशिक्षित होगी, ताकि दोनों पक्षों को नुकसान न हो। इस फोर्स को आधुनिक निगरानी तकनीकों, जैसे ड्रोन, थर्मल इमेजिंग और जीपीएस ट्रैकिंग से लैस किया जा सकता है, जिससे उनकी दक्षता बढ़ेगी।

### टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का उद्देश्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की इस फोर्स की स्थापना से वृहद बाघ संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी तथा अवैध शिकार पर रोक लगेगी टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का मुख्य काम बाघों के अवैध शिकार को रोकना होगा। प्रशिक्षित जवान वन क्षेत्रों में गश्त करेंगे, खुफिया जानकारी इकट्ठा करेंगे और शिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। इससे वन्यजीव अपराधों पर नियंत्रण के साथ ही यह फोर्स वन और वन्यजीव से संबंधित अन्य अपराधों जैसे लकड़ी की तस्करी, अवैध खनन और अतिक्रमण पर भी नियंत्रण रखेगी।

### वृहद बाघ संरक्षण के प्रयासों को मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, जो भारत में बाघों के सबसे महत्वपूर्ण आवासों में से एक है, को अब एक अत्यधिक प्रशिक्षित और समर्पित बल की सुरक्षा मिलेगी। इससे अवैध शिकार की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। अग्निवीरों की भर्ती से स्थानीय समुदाय भी संरक्षण प्रयासों में शामिल होगा, जिससे एक सकारात्मक माहौल बनेगा। उन्होंने कहा कि यदि यह मॉडल सफल होता है, तो इसे देश के अन्य बाघ अभयारण्यों और संरक्षित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर बाघ संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# दिव्यांग पेंशन योजना को किया गया सरलीकृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मुख्यमंत्री धामी ने की थी घोषणा, विभाग ने की लागू ■ प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना पहले हुई थी सरल

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणा को लागू करते हुए मंगलवार को समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना की भांति दिव्यांग पेंशन योजना को भी सरल. ीकृत किया गया है, प्रदेश में दिव्यांग पेंशन धारकों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि वृद्धावस्था पेंशन योजना की तरह ही दिव्यांग पेंशन योजना को सरल. ीकृत करते हुए ऐसे समस्त दिव्यांग भी पेंशन हेतु पात्र होंगे जिनके पुत्र/पौत्र 20 वर्ष से अधिक आयु के होंगे, का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में सचिव समाज कल्याण डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी द्वारा निदेशक समाज कल्याण को संबोधित पत्र में निर्देश दिये गये है कि राज्य में दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत ऐसे लाभार्थी, जो निर्धारित मासिक आय सीमा रू. 4000/- रुपये (चार हजार) की पात्रता पूर्ण करते हो, के पुत्र- पौत्र 20 वर्ष से अधिक आयु के होने पर भी पेंशन हेतु पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त बीपीएल श्रेणी के लाभार्थी, जिनके पुत्र-पौत्र 20 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, भी पेंशन हेतु पात्र होंगे। उन्होंने इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने की भी अपेक्षा की है।

## मोगलिक्स ने खातेमा फाइबर्स के कर्मचारियों को बनाया मजबूत

**देहरादून।** खातेमा फाइबर्स लिमिटेड के अधिग्रहण के बाद से मोगलिक्स ने कर्मचारियों की सुरक्षा, कल्याण व उनके लिए दीर्घकालिक सहयोग को सुनिश्चित करते हुए कार्यस्थल की परिस्थितियों को बेहतर बनाया है। साईट पर सुरक्षा के कई उपायों को लागू किया गया है, जिसके तहत कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए 100 से अधिक सेफ्टी हेलमेट्स व 500 से अधिक जोड़ी सेफ्टी शूज (जूतों) का वितरण शामिल है। इसके अलावा 500 से अधिक कर्मचारियों को वर्कमैन कम्पनसेशन, 100 से अधिक कर्मचारियों को ग्रुप पर्सनल एक्सीडेन्ट व ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसियों के तहत कवर किया गया है, जो कर्मचारियों, उनके जीवनसाथी एवं बच्चों को रु 2लाख की बीमा राशि प्रदान करती है।

## मेड-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक गाड़ी, कैरेंस क्लैविस ईवी लॉन्च

**देहरादून।** किआ इंडिया ने अपनी पहली मेड-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक गाड़ी, कैरेंस क्लैविस ईवी को लॉन्च किया। कैरेंस क्लैविस ईवी संभावित ईवी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शानदार स्प्वेस, स्मार्ट तकनीक और लचीलेपन का अनूठा मिश्रण है, वो भी किफायती दाम में। चाहे परिवार या दोस्तों के साथ लंबी सड़क यात्रा हो, वीकेंड की छुट्टी हो, या रोज का शहरों के बीच का सफर, यह गाड़ी हर स्थिति को आसानी से संभाल लेती है। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ ग्वांगगु ली ने कहा, हम नई तकनीक, पर्यावरण की देखभाल और ग्राहकों की बदलती जरूरतों को समझकर इलेक्ट्रिक गाड़ियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी: सौरभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून की ओर से हरित पखवाड़े के अंतर्गत डांडा लखोंड में टेरिटोरियल आर्मी के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वृक्षारोपण अभियान में महापौर सौरभ थपलियाल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।



इस मौके पर कई पार्षदों ने भी वृक्षारोपण में शिरकत की।महापौर ने वृक्षारोपण वाले स्थान पर तार बाड़ करने एवं पौधों के संरक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर महापौर सौरभ थपलियाल ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने लगाए गए पौधों का संरक्षण करने का आवाह्न भी किया तथा प्लास्टिक की पॉलीथिन का उपयोग न करने का अनुरोध किया । उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम जितने पेड़ लगाएंगे , उतना ही पर्यावरण का संरक्षण कर पाएंगे।

# नगर आयुक्त की सख्ती के बाद 14 वाहन पुनः कार्यशील

## कड़े निर्देशों के बाद रिकॉर्ड समय में की गई वाहनों की मरम्मत

■ नगर निगम स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ व समयबद्ध बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून की नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बीते दिवस नगर निगम वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कुल 18 कचरा संग्रहण वाहन विभिन्न तकनीकी कारणों से खराब पाए गए। इस पर नगर आयुक्त नमामि बंसल ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी खराब वाहनों की मरम्मत अविलंब की जाए और कचरा संग्रहण व्यवस्था में कोई बाधा न आने पाए।

नगर आयुक्त के सख्त निर्देशों और निगरानी के फलस्वरूप रिकॉर्ड समय में मात्र एक ही दिन के भीतर 14 कचरा संग्रहण वाहनों की मरम्मत पूरी कर उन्हें पुनः कार्य में लगा दिया गया है। शेष 4 वाहनों की मरम्मत कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है और शीघ्र ही उन्हें भी फील्ड में भेजे जाने की योजना है।

यह कार्रवाई नगर आयुक्त नमामि बंसल की प्रशासनिक दक्षता, निर्णय क्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके नेतृत्व में नगर निगम देहरादून स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं समयबद्ध बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है।

नगर निगम देहरादून ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे निगम के प्रयासों में सहभागी बनें और एक स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर देहरादून के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

# देहरादून में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों शुरू हो गई है। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में मंगलवार को ऋषिपर्णा सभागार में अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिये कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यालयों में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण होगा। देहरादून परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। पुलिस बैंड के साथ राष्ट्रीय गान सहित पुलिस, अर्धसैनिक बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स, प्रांतीय रक्षक दल की टुकड़ी द्वारा परेड के साथ सलामी दी जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों, राज्य आंदोलनकारियों, खिलाड़ियों और उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण किया जाएगा।

# पंचायतों में लगने जा रहा तीसरा इंजन:चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने पंचायत चुनाव के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने को सुखद बताते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थिति और तमाम दुष्प्रचार के बावजूद जिस तरह से लोगों ने मतदान में उत्साह दिखाया, उससे निश्चित है कि पंचायतों में तीसरा इंजन लग रहा है।

चौहान ने कहा कि प्रतिकूल मौसम और विपक्षी प्रोपेगेंडा के बावजूद मतदान का प्रतिशत यह समझने को पर्याप्त है कि ग्रामीण मतदाताओं ने नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए, विकास के मुद्दे पर वोट दिया है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों का उत्साहवर्धक और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने को जनता और सरकार दोनों की उपलब्धि है। मानसून के चुनौतीपूर्ण सीजन में चुनाव के दोनों चरणों में बरसात से राहत मिली है।लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास और क्षेत्रीय विकास की प्रबल इच्छा के चलते प्रदेशवासियों ने चुनावों को पर्व की तरह मनाया है। कई से कोई भी कानून व्यवस्था या मतदान प्रक्रिया को लेकर बड़ी शिकायत नहीं आई है। इस सबके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उनकी सरकार और समस्त ग्रामीण जनता साधुवाद की पात्र है।

जहां तक पार्टी के प्रदर्शन का सवाल है तो हमने पूरी एकजुटता और लोकतान्त्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए शानदार ढंग से चुनाव लड़ा है। अब तक जिस तरह का फीड बैक कार्यकर्ताओं के माध्यम से मिल रहा है, उससे हमारा अधिकांश क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य और प्रधान पद को समर्थित प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से जीतना निश्चित दिखाई दे रहा है। लिहाजा अपने लक्ष्य के अनुशार सभी 12 जिला पंचायत अध्यक्ष और 89 में से अधिकतर ब्लॉक प्रमुख हमारे बनने जा रहे हैं। चौहान विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि इन चुनावों के बाद कांग्रेस राज्य में बिल्कुल ही हाशिए पर पहुंच गई है। क्योंकि उनके द्वारा हार निश्चित मानकर चुनाव को रोकने की हर संभव कोशिश की गई। जिससे जनता में उनके खिलाफ जबरदस्त रोष व्याप्त था, यही वजह रही कि बहुसंख्य सीट पर उनके कार्यकर्ताओं ने ही चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। उन्हे अहसास हो गया था कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता विकास के नाम भाजपा के पक्ष में एकतरफा मतदान करने जा रही है।

# कल होगी मतगणना प्रशासन ने तैयारियां की पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना की जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को मतगणना कार्मिकों का तीसरा और आखिरी रेंडमाइजेशन करते हुए कार्मिकों मतगणना टेबल आवंटित की गई।

देहरादून जनपद के सभी 06 विकास खंडों की मतगणना के लिए 235 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक सहित चार मतगणना कार्मिक तैनात रहेंगे। मतगणना के लिए दो पालियों की व्यवस्था की गई है। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से सायं 8 बजे तक और दूसरी पाली सांय 8 बजे से अगले दिन सुबह 8 बजे तक मतगणना का कार्य करेगी। मतगणना कार्य पूरा न होने पर फिर प्रथम पाली के कार्मिक आगे का जिम्मा सभालेंगे। देहरादून के 06 ब्लाक के सभी 1095 बूथों की मतगणना के लिए 235 टेबल लगेंगी। विकासखंड चकराता व कालसी में 24-24, विकासनगर 60, सहसपुर 50, रायपुर 30 और 47 टेबल लगाई जाएंगी।

# शिकायत के बाद बाल आयोग की टीम ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

## आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना को अधिकारियों के साथ निरीक्षण में मिली कई खामियां

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार सरंक्षण आयोग में पीड़ित अभिभावकों की ओर से जीआरडी स्कूल केहरी गांव प्रेमनगर देहरादून के विरूद्ध शिकायती पत्र भेजने के बाद मंगलवार को आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना की अध्यक्षता में आयोग के सचिव डा शिव कुमार बरनवाल, अनुसचिव डा सतीश कुमार सिंह ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया।

आयोग अध्यक्ष के निरीक्षण के दौरान सामने आया कि विद्यालय एक बहुत बड़े कैम्पस में थोड़ी सी कक्षाओं के साथ संचालित है, जहां कुछ बच्चे बैठे हुए मिले। विद्यालय में एक 4 वर्ष का बालक शब्दावली लिखता हुआ मिला, जिससे प्रतीत होता है कि विद्यालय नई शिक्षा नीति का अनुसरण नहीं कर रहा है। प्ले ग्रुप में जो शिक्षक मौजूद थे, उनके शैक्षिक प्रमाण उपलब्ध नहीं मिले। प्रधानाचार्य का कक्ष सामान्य कक्षों की भांति दिखा, जिसमें मात्र 6 रजिस्टरों के अलावा ओपन यूनिर्वसिटी के कागज रखे हुए थे। विद्यालय संचालन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के दस्तावेज विद्यालय द्वारा प्रस्तुत नहीं किये गये। विद्यालय मान्यता के सम्बन्ध में एक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय को कक्षा- 6 तक विद्यालय संचालन की अनुमति प्राप्त है, लेकिन विद्यालय कक्षा - 7 तक संचालित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबन्धन ने बताया कि विद्यालय कक्षा- 8 तक मान्यता प्राप्त है, जबकि इसके कोई दस्तावेज निरीक्षण टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये गये।

### आयोग ने विकासनगर ब्लॉक में पत्रावलियों पर की सुनवाई



**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार सरंक्षण आयोग ने मंगलवार को विकासनगर ब्लॉक में पूर्व से प्रचलित पत्रावलियों पर सुनवाई की । संज्ञान में आया कि सैंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल के प्रकरण पर आयोग ने पूर्व मे जो विद्यालय को निर्देश दिये थे, उनका अनुपालन नही किया जा रहा है। इस क्रम में आयोग अध्यक्ष ने खण्ड शिक्षा अधिकारी, विक. ासनगर को प्रकरणों पर आयोग के दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराते हुए त्वरित कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं घ्राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुलाकीवाला में पानी की टंकी एंव शौचालय की जांच पर निर्देशित किया गया कि विद्यालय का आंकलन कर मरम्मत सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# अवैध खनन की शिकायत पर एसडीएम कुमकुम जोशी ने किया शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ डीएम के निर्देश पर जेसीबी, पोकलैण्ड सहित 4 वाहन सीज ■ 7.20 लाख रुपए का किया अर्थदण्ड

**देहरादून।** एसडीएम मसूरी कुमकुम जोशी की कलम उस वक्त टेडी हो गई जब उन्होंने अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर अपना शिकंजा कस दिया।

जिले के कुठालगेट क्षेत्र में निर्माणाधीन साईट पर अवैध खनन मिलने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी मसूरी के नेतृत्व में जिला प्रशासन पुलिस की टीम द्वारा मौके पर जाकर अवैध खनन में सलिंप्त जेसीबी, पोकलैण्ड मशीन तथा खनन का परिवहन कर रहे 2 पिकअप को सील कर कुठालगेट पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया तथा जेसीबी, पोकलेण्ड मशीन को मौके पर ही सील करते हुए 7.20 लाख का अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई है तथा सम्बन्धित वाहन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमें दर्ज कर दिए गए है।

जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देश पर जिला प्रशासन अवैध खनन निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा खनन की शिकायतों के निराकरण हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। कुठालगेट के समीप जिला प्रशासन को निर्माणाधीन साईट पर अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिस पर डीएम ने कार्यवाही के निर्देश दिए फलस्वरूप खनन लिप्त वाहन उपकरण सीज करते हुए 7. 20 लाख का अर्थदण्ड लगाया है।

# ड्रीमर्स एडयू हब के 6 कैडेट्स का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सहस्त्रधारा रोड स्थित ड्रीमर्स एनडीए एकेडमी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और सैन्य प्रशिक्षण में अग्रणी भूमिका साबित की है! एकेडमी के 6 कैडेट्स ने एनडीए 155 एसएसबी इंटरव्यू में एक साथ, एक ही दिन में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि पिछले 30 दिनों के भीतर, ड्रीमर्स एनडीए एकेडमी से 34 कैडेट्स एनडीए 155 एसएसबी इंटरव्यू में सफलतापूर्वक रिकमेंड हो चुके हैं।

चयनित विद्यार्थियों को जल्द ही भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट या भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर जैसे प्रतिष्ठित पदों पर नियुक्ति मिलेगी। यह उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और एकेडमी द्वारा प्रदान किए गए उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम है।ड्रीमर्स एजुहब के निदेशक हरिओम चौधरी और पूरे ड्रीमर्स परिवार के समर्पित शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों और उनके गर्वित अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। यह सफलता केवल छात्रों की नहीं, बल्कि पूरी एकेडमी के सामूहिक प्रयास का प्रतीक है।संस्था की सह संस्थापिका अंकिता तनेजा ने कहा की विद्यार्थी की सफलता ही इंस्टिट्यूशन का गौरव है।

# नई शिक्षा नीति छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए बनाएगी सक्षम: जोशी

## नई शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बीरपुर, देहरादून में आयोजित नई शिक्षा नीति 2020 की पाँचवीं वर्षगांठ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कलाओं में तैयार किए गए रचनात्मक कार्यों का अवलोकन तथा उत्कृष्ट पीएम श्री विद्यालय बीरपुर के पट्टिका का अनावरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 ने 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 को प्रतिस्थापित कर भारत की शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। जोशी ने कहा कि इससे पूर्व भारत में केवल दो शिक्षा नीतियां वर्ष 1968 और 1986 में लागू की गई थीं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों को 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

इस नीति के तहत कक्षा 6 से ही व्यावसायिक शिक्षा की शुरुआत की जाएगी, जिससे छात्र विभिन्न ट्रेडों, कौशलों और उद्यमिता के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि नीति में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और शिक्षण में तकनीकी समावेशन के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। यह नीति छात्रों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास पर जोर देती है और उनमें आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। इस अवसर पर अध्यक्ष वीएमसी कर्नल अतीत हेसन, प्रधानाचार्य बसंती खम्पा, उप प्रधानाचार्य अल्का थंड़ियाल, आरती उनियाल, डी. एस लखेड़ा, एनसीसी अधिकारी अनुज कुमार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



### बच्चों को दिए जीवन में सफल होने के 05-डी के मूल मंत्र

कैबिनेट मंत्री जोशी ने इस दौरान बच्चों को जीवन में सफल होने के 05-डी के मूल मंत्र भी दिए और बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा और चरित्र शिक्षा का होना भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक बनना है तो विचारों में आधुनिक बनें।

# सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने स्वच्छता अभियान चलाकर नदी महोत्सव का किया शुभारंभ

## नदी महोत्सव के तहत जनपद में 20 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

### नमामि गंगे घाट पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में नमामि गंगे परियोजना के तहत आयोजित किए जा रहे नदी महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने चंडी पुल स्थित नमामि गंगे घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर किया। अभियान में जिला स्तरीय अधिकारी, नगर निगम एवं नमामि गंगे परियोजना के अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं सफाई कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने कहा कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को साफ एवं स्वच्छ रखने के उद्देश्य से एवं नदियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जनपद में सितंबर तक ग्राम स्तर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सभी घाटों की सफाई कराई जायेगी। इसके साथ ही नमामि गंगे परियोजना एवं जिला पंचायत राज विभाग की ओर से ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नदियों को साफ एवं स्वच्छ रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया जाएगा उन्होंने यह भी अवगत कराया कि नदियों के संरक्षण में मानव जीवन के योगदान के संबंध में शिक्षा विभाग के माध्यम से छात्र छात्राओं की निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों एव कार्मिकों को नदियों को साफ स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर परियोजना



निर्देशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल भंडारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, परियोजना प्रबंधक मीनाक्षी मित्तल, नगर निगम के कार्मिकों सहित नमामि गंगे परियोजना के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया आकांक्षा हाट का भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नीति आयोग के 6 दिवसीय 'संपूर्णता अभियान' के तहत हरिद्वार में आकांक्षा हाट का शुभारंभ किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाना है। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने हरकी पैड़ी स्थित सीसीआर टावर के सामने लगायी गयी हाट का भ्रमण किया और महिला सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। हाट 2 अगस्त तक चलेगी। मंगलवार को हाट के दूसरे दिन डेयरी उत्पाद, जूट के बैग, हस्तनिर्मित वस्त्र, शहद, सिंघाड़े के आटे के बिस्कुट, लिप्पन आर्ट और राखियों के स्टॉल आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे। 8 स्टॉलों पर शानदार बिक्री दर्ज की गई। जो इस पहल की सफलता का स्पष्ट संकेत है। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने हाट का जायजा लेते हुए महिलाओं से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। यह प्रयास महिलाओं के कौशल को पहचानकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने महिला उद्यमियों से मिलकर उनके उत्पादों की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए खरीदारी की। जिला प्रशासन, नीति आयोग और ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के संयुक्त सहयोग से आयोजित यह हाट महिलाओं को उनके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ग्राहकों की प्रतिक्रिया के लिए "हुनर की छाप" हैंड पेंट और हैंड रिटन



फीडबैक बोर्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान सीडीओ के साथ परियोजना निदेशक डीआरडीए कैलाश नाथ तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा, मजदूर, कर्मचारी वर्ग हो रहा नशे की लत का शिकार : रावत

### यूकेडी ने की हरिद्वार सहित पूरे प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत के संयोजन में कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार सहित पूरे प्रदेश में अवैध शराब के व्यापार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत ने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार सहित प्रदेश के तमाम जनपदों में गली मौहल्लों में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। प्रदेश का युवा, मजदूर, कर्मचारी वर्ग नशे की लत का शिकार हो रहा है। युवा पीढ़ी का जीवन बर्बाद हो रहा है। अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। गोकुल सिंह रावत ने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार में नशा तेजी से फैल रहा है। नशे के कारण कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने मांग की कि बिहार, गुजरात, नागालैंड की तर्ज पर देवभूमि में शराब पर प्रतिबंध लगाया जाए। धर्मनगरी की मान मर्यादाओं का ख्याल रखा जाए। बाहरी प्रदेशों से आकर कुछ लोग अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। प्रदेश को नशा मुक्त किया जाए। गोकुल सिंह रावत ने कहा कि नशे के कारण अपराध बढ़ रहे हैं और असामाजिक तत्व गली मोहल्ले में लोगों को परेशान कर रहे हैं। आए दिन लड़ाई झगड़े की संभावनाएं बनी रहती है। भूपतवाला क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री का संज्ञान आबकारी विभाग को भी लेना चाहिए। पुलिस को भी अवैध शराब कारोबारी पर नकेल लगानी चाहिए।



सुमित अरोड़ा एवं रवि जैन कहा कि अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगना चाहिए। धर्म नगरी की मान मर्यादाओं को तार तार नहीं होने देंगे। अवैध शराब की बिक्री पर यूकेडी का संघर्ष जारी रहेगा। नशा समाज के लिए अभिशाप है। लोगों को जागरूक रहकर नशे के खिलाफ एकजुट होना होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संदीप अग्रवाल, जोगेंद्र रावत, सुरेंद्र कुमार, सुशील, रवि पांडे, अमित राणा, विपिन गुप्ता, दीक्षांत बिष्ट, सुमित अरोड़ा, रवि जैन शामिल रहे।

# कालोनी के पार्क की चारदीवारी कर सौंदर्यीकरण कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने एचआरडीए उपाध्यक्ष को ज्ञापन देकर वार्ड 21 शारदा नगर कालोनी के पार्क का सौंदर्यकरण कराने की मांग की है। चौधरी चरण सिंह ने कहा कि कालोनी में 10 गुणा 20 की तिकोनी भूमि पार्क के नाम दर्ज है। भूमि की चाहरदीवारी नहीं होने के कारण वहां हमेशा गंदगी और कूड़ा करकट पड़ा रहता है। खाली जगह होने के कारण लोग वहां गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। गंदगी और गाड़ियां खड़ी होने की वजह से आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पार्क की भूमि की चाहरदीवारी कर सौंदर्यकरण कराया जाए तथा बच्चों के खेलने के लिए झूले आदि लगाए जाएं। जिससे बच्चों को खेलने के लिए स्थान और लोगों को गंदगी से निजात मिल सके।

# एएचटीयू टीम ने छात्रों को दी असामाजिक तत्वों से बचने के तरीकों की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने कनखल स्थित डा.हरिराम आर्य इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को असामाजिक तत्वों से बचने और उन्हें बेनकाब करने के तरीकों की जानकारी दी। एएचटीयू टीम के सदस्यों देवेंद्र यादव, दीपक चंद्र, राखी रावत, शशीबाला ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। असामाजिक तत्व छात्र-छात्राओं को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसे में सर्तक रहकर इनसे बचा जा सकता है। असामाजिक तत्वों की पहचान कर तुरंत पुलिस को सूचित करें।



स्कूल के आसपास भी यदि कोई असामाजिक गतिविधि नजर आती है तो तुरंत अध्यापकों को इसकी जानकारी दे। कहा कि सतर्क और जागरूक रहकर वे स्वयं और अपने परिवार तथा मित्रों को भी असामाजिक तत्वों से बचा सकते है। प्रधानाचार्य डा. अरविंद शर्मा, शिक्षक प्रवीण त्यागी, दीपक मिश्रा, राजीव कौशिक, प्रियंका शर्मा, जागृति पंडित, यज्ञराज भट्ट, राजेश कुमार, नीरज कुमार, निधि शर्मा, अनमोल यादव, श्रवण कुमार आदि ने टीम का आभार जताया।

# पूर्व भाजपा नेत्री व प्रेमी का रिमांड मंजूर, जेल से कस्टडी में लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण कराने के आरोप में रोशनाबाद जिला जेल में बंद पूर्व भाजपा नेत्री और उसके प्रेमी सुमित पटवाल का कोर्ट से तीन दिन का रिमांड हासिल होने पर पुलिस ने मंगलवार को दोनों को रोशनाबाद जिला जेल से कस्टडी में ले लिया है। कस्टडी में लेने के दौरान पुलिस ने आरोपियों से मीडियों को बात नहीं करने दी।

मामले की जांच कर रही एसआईटी की निगरानी में दोनों आरोपियों को को मथुरा ओर आगरा ले जाया जाएगा। पुलिस का मानना है कि मथुरा और आगरा में मामले से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य हासिल हो सकते हैं। पूर्व भाजपा नेत्री के



पति ने नाबालिग बेटी का यौन शोषण कराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। रानीपुर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नेत्री और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रमाण आगरा और मथुरा में मौजूद हैं। जिनमें होटल में ठहरने के रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन डेटा शामिल हैं। तथ्यों की पुष्टि और दस्तावेजी साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस ने कोर्ट में रिमांड की अर्जी दाखिल की थी। रिमांड मंजूर होने पर पुलिस ने मंगलवार को जिला जेल से दोनों को कस्टडी में ले लिया। कस्टडी में लेने के दौरान पुलिस ने आरोपितों को मीडिया से बात नहीं करने दी। लेकिन जेल से बाहर आने के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों के पूछने पर अनामिका ने अपने पति पर प्रॉपर्टी के लिए फंसाने का आरोप लगाया है।

# मनसा देवी मंदिर हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

## अवैध अतिक्रमण और दोषियों पर कार्रवाई करे सरकार : चौटाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राज्य व्यापार मण्डल की हरिद्वार महानगर इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र चौटाला के नेतृत्व में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुए हादसे के मृतको की आत्मशांति के लिए हरकी पैड़ी पर दीप दान किया और श्रद्धांजलि दी। साथ ही घायल श्रद्धालुओं के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र चौटाला ने कहा कि अव्यवस्थाओं के चलते हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य व्यापार मंडल हमेशा ही पुलों, घाटों और सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाता रहा है। मनसा देवी मंदिर मामले में सरकार को निष्पक्ष जांच कर अवैध अतिक्रमण और



दोषियों पर कार्यवाही करनी चाहिए। श्रद्धांजलि देने वालो में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुमित अरोड़ा, प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विशाल गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष तेजप्रकाश साहू, हरकी पैड़ी व्यापार मण्डल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, महामंत्री रिक्की अरोड़ा, प्रदेश सयुंक्त सचिव राज कांडपाल, प्रदेश प्रचार सचिव गोकुल सिंह रावत, प्रदेश सहसचिव नितिन शर्मा, सोनल गर्ग, निखिल मिश्रा, अनूप झा, सचिन आदि व्यापारी शामिल रहे।

# जिला प्रशासन व मां मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट के मध्य महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन तथा मां मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट के मध्यम एक महत्वपूर्ण बैठक अपर जिलाधिकारी प्रशासन फिंचाराम चौहान की अध्यक्षता व राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि की गरिमामय उपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न हुई। राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि तथा अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने निर्देशित करते हुए कहा कि मन्दिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक कदम उठाये जाये तथा सुरक्षात्मक कार्यों में किसी भी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से मन्दिर परिसर में फायर सेफ्टी ऑडिट कराने, फायर हाईड्रेंट की संभावना तलाशने के निर्देश फायर टीम को दिये। उन्होंने मां मनसा देवी मन्दिर के प्रत्येक कक्ष से लेकर रामप्रसाद वाली गली तक विद्युत सुरक्षा ऑडिट करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सुरक्षात्मक दृष्टि से छोटे-बड़े सभी पहलुओं पर जांच करते हुए स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। उन्होंने जल संस्थान के अभियन्ताओं को मनसा देवी रोपवे के पास टैंक की जल धारण क्षमता बढ़ाने हेतु सर्वेक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों को एक सप्ताह के भीतर सुरक्षा ऑडिट रिपार्ट एवं सुझाव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि ने कहा कि मंशा देवी जैसी अप्रिय घटना की जनपद में पुनरावृत्ति न हो। भविष्य के लिए हरिद्वार के सभी धार्मिक स्थानों पर सभी आवश्यकताओं की पूर्ति पहले से ही कर ली जाए। बैठक में सहमति बनी कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मां मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा वैष्णों देवी मन्दिर की तर्ज पर प्राइवेट सिक्योरिटी तैनात की जायेगी। जिन्हें भीड़ नियंत्रण, फायर फाइटिंग एवं वनाग्नि रोकथाम व आपदा सहित विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं पर पुलिस व वन विभाग द्वारा प्रशिक्षित किया जायेगा। मन्दिर परिसर की क्षमता के अनुसार ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाये तथा फुल होने से पहले ही सूचना सम्बन्धितों को दी जाये। मेडिकल सुविधा हेतु मां मनसा देवी धर्मार्थ चिकित्सालय के प्रचार हेतु साइन बोर्ड लगाया जायेगा। मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा सफाई कर्मी की तैनाती की जायेगी। रविवार को मनसा देवी मन्दिर व रास्तों पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जायेगा। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी पहलुओं पर सुरक्षा ऑडिट करते हुए अपने-अपने सुझाव भी सम्मिलित किया जाये, सोलिड वेस्ट का निस्तारण नियमानुसार किया जाये तथा सूचनाओं का आदान प्रदान त्वरित गति से किया जाये। उप जिलाधिकारी एवं सचिव एचआरडीए मनीष सिंह ने कूड़े की रोकथाम, भू स्खलन संभावित क्षेत्रों, तथा पैदल मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर मरम्मत आदि विषयो पर विस्तार से जानकारी देते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। चण्डी देवी मन्दिर ट्रस्ट तथा जिला प्रशासन के मध्यम एक महत्वपूर्ण बैठक मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें चंडीदेवी मन्दिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा आधारभूत सुविधाओं आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिये। इस दौरान अपर जिला अधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक नगर पंकज गैरोला, सीओ शिशुपाल सिंह नेगी, राजाजी नेशनल पार्क से अजय लिंगवाल, वन विभाग से पूनम कैंथोला, बद्री केदार समिति प्रशासनिक अधिकारी रमेश नेगी सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# त्याग तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थी ब्रह्मलीन गुरूमाता : परमात्मदेव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित श्री ब्रह्मनिवास आश्रम में आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मदेव के संयोजन में आयोजित गुरूजन स्मृति दिवस कार्यक्रम में ब्रह्मलीन गुरूमाता का स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम के दौरान संत समाज ने दो मिनट का मौन रखकर मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुए हादसे में जान गंवाने श्रद्धालुओं को भी श्रद्धांजलि दी और मां गंगा से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संत महंतों और श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मदेव महाराज ने कहा कि गुरू का स्थान सर्वोच्च है। ब्रह्मलीन गुरूमाता त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थी। धर्म और समाज की सेवा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। स्वामी रविदेव



शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म और अध्यात्म के प्रचार प्रसार में अहम योगदान करने वाली ब्रह्मलीन गुरूमाता संत समाज की प्रेरणास्रोत थी। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। स्वामी ऋषिश्वरानंद ने कहा कि अपने गुरूजनों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए स्वामी परमात्मदेव जिस प्रकार समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। स्वामी कृष्णदेव ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी ऋषिश्वरानंद, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी ज्ञानानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी रामानंद, स्वामी योगेंद्रानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी दरवेशानंद, स्वामी दयामूर्तिनन्द, स्वामी शिवम महंत सहित अनेक संत महंत और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# हथियार बंद बदमाशों ने घर में घुसने का किया प्रयास, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबादा।** थाना क्षेत्र के अलीपुर निवासी शाहनवाज अली पुत्र अनवार अहमद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात लगभग 1.30 बजे कुछ हथियार बंद बदमाश उसके घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे, मेरे परिवार के लोगो के जागने पर हमने पड़ोसियों को फोन पर सूचना दी। खबर लगने पर बड़ी संख्या में पडोसी मेरे घर की ओर आने से बदमाश फरार हो गए। हमने और ग्राम चौकीदार ने उन्हें खोजने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिले। जिसकी सूचना ग्राम चौकीदार ने थाने को दें दी थी। सुबह जब हमने उन्हें खोजने का प्रयास किया तो पाया कि घर के बाहर लगे टेलीफोन के खम्बे से चढ़ कर बदमाशो ने घर में घुसने का प्रत्यास किया था उनके पेरो के निशान खम्बे पर मौजूद हैं। युवक ने पुलिस से मुकदमा दर्ज करने व अपने परिवार कि जन माल की सुरक्षा की मांग पुलिस से की है। पुलिस ने अलीपुर निवासी शाहनवाज अली की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ**
**डी.एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

# डीएम ने जलभराव क्षेत्रों में जल निकास के उचित प्रबंधन के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर के जलभराव क्षेत्रों में जल निकासी के उचित प्रबंधन करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जनपद वासियों को जलभराव के स्थिति का सामना न करना पड़े तथा जिन क्षेत्रों में वर्षा होने पर अक्सर जल भराव की स्थिति बनी रहती है ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी के लिए उचित प्रबंधन के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र वासियों को जलभराव का सामना न करने पड़े। उन्होंने भगत सिंह चौक एवं चंद्राचार्या चौक में जलभराव से स्थिति गंभीर हो जाती है इसके उचित प्रबंधन हेतु ड्रेनेज मास्टर प्लान के तहत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।



उन्होंने सिंचाई विभाग, नगर निगम एवं भेल के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जलभराव क्षेत्रों का सयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए एवं उन्होंने भेल के नगर प्रशासक को निर्देश दिए है कि भेल की ओर से आने वाला वर्षा के पानी के लिए उचित प्रबंधन हेतु पौंड (तालाब) बनाए जाने के लिए भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिए, ताकि भेल की ओर से आने वाला वर्षा के पानी को तालाब में डायवर्ट किए जा सके। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जल निकासी के लिए अन्य विकल्प भी तलाशे जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम नंदन कुमार, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग ओमजी गुप्ता, डीडी राजा जी महातीम यादव,अधिशासी अभियंता पेयजल निगम आरके गुप्ता, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग रुड़की दिनेश चंद्र उनियाल, परियोजना प्रबंधक गंगा मीनाक्षी मित्तल वशिष्ठ, नगर प्रशासक भेल संजय पंवार, वरिष्ठ प्रबंधक भेल विपुंज कुमार, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, एसडीओ फॉरेस्ट डिवीजन पूनम कैंथोला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जीवन की सभी प्रतिकूलताओं अथवा अनुकूलताओं को समभाव से स्वीकार करने वाला ही बनता है महान : कैलाशानंद गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित सावन के पूरे महीने चलने वाली निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की विशेष शिव साधना 19वें दिन में प्रवेश कर गयी है। भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि जीवन प्रतिपल एक नई चुनौती प्रस्तुत करता है। लेकिन जो व्यक्ति जीवन की सभी प्रतिकूलताओं अथवा अनुकूलताओं को समभाव से स्वीकार करता है। वही महान भी बनता है। भगवान भोलेनाथ के जीवन की यह सीख बड़ी ही अद्भुत है कि कभी दूध मिला तो प्रसन्न हो गये। कभी केवल पानी ही मिला तो भी प्रसन्न हो गये। कभी शहद अर्पित हुआ तो प्रसन्न हो गये और कभी धतूरा मिला तो उसे भी सहर्ष स्वीकार कर लिया। केवल एक विल्व पत्र और एक लौटा जल अर्पित करने से प्रसन्न होने वाले भगवान भोलेनाथ का जीवन सीख देता है कि आवश्यक नहीं कि हर बार उतना ही मिलेगा जितनी आपकी अपेक्षा है। कभी-कभी कम मिलने पर भी अथवा जो मिले, जब मिले और जितना मिले उसी में संतुष्ट रहना सीख जाओगे तो आशुतोष बनकर समाज का मार्गदर्शन करोगे। स्वामी कैलाशानंद गिरी के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि गुरूदेव की आराधना सावन पूर्णिमा तक निरंतर जारी रहेगी। सावन पूर्णिमा की सांय श्री दक्षिण काली तट पर विशेष पूजा अर्चना के पश्चात साधना का समापन होगा।

# क्षतिग्रस्त संपत्तियों के पुनर्निर्माण को लेकर एडीएम की समीक्षा

■ प्रस्तुत प्रस्तावों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करें : मुक्ता मिश्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी**, 29 जुलाई : अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र की अध्यक्षता में आपदा से क्षतिग्रस्त संपत्तियों के पुनर्निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक ली।

मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे प्रस्तुत प्रस्तावों में उच्च गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करें तथा पुनर्निर्माण कार्य तेजी से और प्रभावी ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि प्रभावित आबादी को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

इस दौरान उन्होंने आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत राज्य आपदा मोचन निधि, आपदा न्यूनीकरण, नॉन एसडीआरएफ से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के परिरक्षण हेतु गठित मूल्यांकन समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुई संपत्तियों के पुनर्निर्माण और भविष्य में ऐसी आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए आपदा न्यूनीकरण से संबंधित विभिन्न विभागों और हितधारकों से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की । समिति ने प्रत्येक प्रस्ताव की व्यवहार्यता, तकनीकी विशिष्टता, लागत-प्रभावशीलता की समय-सीमा पर विस्तृत जानक. ारी दी गयी।

बैठक में विशेष रूप से उन परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जो न केवल क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली सुनिश्चित हेतु बल्कि आपदा-रोधी निर्माण तकनीकों और स्थायी समाधानों को भी प्राथमिकता देती हैं। इसके अतिरिक्त भविष्य में आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए दीर्घकालिक और स्थायी रणनीतियों पर कार्य करने के निर्देश दिये। मूल्यांकन समिति द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों को जल्द ही अंतिम अनुमोदन के लिए उच्चतर स्तर को प्रस्तुत करने को कहा तथा यह पहल राज्य में आपदा प्रबंधन क्षमताओं को मजबूत करने और आपदा प्रभावित समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता विकास प्राधिकरण विनीत रस्तोगी, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड उत्तरकाशी सचिन सिंघल, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी मुनेंद्र राजपूत, डीडीएमओ शार्दूल गुसाई सहित अनेक अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा अनेक अधिकारीगण वीसी के माध्यम से जुड़े।

# द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न, सभी पोलिंग पार्टियां लौटीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत द्वितीय चरण का मतदान जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में विकासखंड चंबा, देवप्रयाग, कीर्तिनगर एवं नरेन्द्रनगर में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के बाद निर्वाचन से जुड़ी पोलिंग पार्टियों की वापसी का कार्य भी प्रशासनिक सतर्कता के साथ पूरा किया गया।

निर्वाचन कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी बृजेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय चरण के मतदान के उपरांत कुल 482 पोलिंग पार्टियां 28 जुलाई को ही अपने-अपने कलेक्शन सेंटर पर सकुशल लौट आई थीं। इन पार्टियों द्वारा मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक अपने विकासखंडों में स्थापित कलेक्शन सेंटरों पर मतपेटियां एवं अन्य निर्वाचन सामग्री जमा की गई। समस्त मतपेटियों को निर्वाचन पर्यवेक्षकों एवं रिटर्निंग ऑफिसर्स की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में जमा किया गया, जिसके पश्चात डबल लॉक व्यवस्था के तहत उन्हें विधिवत रूप से सील किया गया।

वहीं कुछ दूरस्थ इलाकों और देर तक मतदान चलने वाले केंद्रों की पोलिंग पार्टियां 29 जुलाई को वापस लौट पाईं।

इनमें विकासखंड चंबा की 2 और नरेंद्रनगर की 38 पोलिंग पार्टियां शामिल थीं। इन सभी पार्टियों द्वारा भी मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से जमा कर सीलिंग की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

सभी स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने मतगणना से पहले तक हर स्तर पर सुरक्षा एवं पारदर्शिता बनाए रखने की व्यवस्था की है ताकि चुनाव प्रक्रिया पर जनविश्वास कायम रह सके और मतगणना पूरी निष्पक्षता के साथ संपन्न की जा सके।

## मतगणना केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में धारा-163 प्रभावी

**रुद्रप्रयाग।** उपजिला मजिस्ट्रेट जखोली भगत सिंह फोनिया ने बताया कि पंचायत चुनाव की मतगणना को लेकर 31 जुलाई को मतगणना केंद्र विकासखंड मुख्यालय जखोली के 200 मीटर की परिधि में धारा-163 प्रभावी रहेगी। उन्होने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा अंतिम परिणाम घोषित होने तक कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत विकासखंड मुख्यालय जखोली के 200 मीटर की परिधि में पांच या उससे अधिक व्यक्ति एक स्थान पर विधि एवं व्यवस्था भंग करने के मंतव्य से एकत्रित नहीं होंगे। प्रतिबंध क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र, चाकू, लाठी, डंडा, खुंखरी, तलवार, पटाखे, एसिड या अन्य ज्वलनशील पदार्थ न तो अपने पास रखेगा

# बुरास्वा गांव में स्वास्थ्य सेवाएं व आंगनबाड़ी केंद्र बंद

■ ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, अस्पताल में ताले बंद देखकर मरीज लौटते हैं मायूस

एएनएम से किया जाएगा जवाब तलब, संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर रोका जाएगा वेतन: चिकित्साधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्राम बुरास्वा में स्वास्थ्य सेवाओं और आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव में न तो आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुल रहा है और न ही अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहते हैं। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र अक्सर बंद पाया जाता है, जिससे बच्चों और महिलाओं को पोषण संबंधी सेवाओं से वंचित रहना पड़ता है। वहीं, गांव के अस्पताल का भी यही हाल है। मरीज अस्पताल पहुंचते हैं।

लेकिन ताले में बंद दरवाजे देखकर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टर निधि के स्थानांतरण के बाद से अस्पताल में कोई चिकित्सक तैनात नहीं है और न ही एनम नियमित रूप से मौजूद रहती हैं। गांव में किसी को अचानक उल्टी-दस्त या चोट लगने जैसी स्थिति में इलाज के लिए चकराता जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि दो-तीन दिन पहले भी एक मरीज को चकराता लाना पड़ा और आज भी एक मरीज को चकराता भेजना पड़ा जिससे ग्रामीणों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।इस मुद्दे पर ग्रामवासियों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। विरोध करने वालों में गंभीर सिंह सियाणा, आशीष वर्मा, नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान जगमोहन सिंह रावत, साजन रावत, मनिंदर रावत, बिजेंद्र रावत, महावीर सिंह रावत, खजान सिंह, वीरेंद्र रघुवीर सिंह रावत, यशपाल भारती, गोपाल दास, वीरेंद्र भारती समेत समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

मामले पर संपर्क करने पर सीडीपीओ नीलम जसवाल ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा कि केंद्र क्यों बंद पाया गया। वहीं, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि बुरास्वा में तैनात एनम से भी जवाब-तलब किया जाएगा। यदि उनका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया, तो वेतन रोका जाएगा और भविष्य में पुन: अनुपस्थित पाए जाने पर टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द गांव में नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं और आंगनबाड़ी संचालन बहाल किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**एक नजर .......**

## पैसे लूटने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**सहसपुर।** पीड़ित बीरू पुत्र कासम निवासी हिन्दुवाला सहसपुर ने थाना सहसपुर में सभावाला के एक व्यक्ति द्वारा उनके पैसे लूटे जाने के संबंध में तहरीर देकर पैसे लूटने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। थाना सहसपुर को दी गई तहरीर में पीड़ित बीरू ने बताया कि वे 27 जुलाई 25 का प्रात: अपने बड़े भाई सफी के यहां 50 हजार रूपये लेकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए छरबा जा रहा था उसी बीच रास्ते में सभावाला सहसपुर में एक व्यक्ति द्वारा जबरदस्ती मेरी मोटर साईकिल पर लात मारकर नीचे गिराया गया और मेरे पास रखे 50 हजार रूपेय लेकर भाग गया और मेरे साथ गाली गलौच कर पत्थर से हमला किया गया। पीड़ित व्यक्ति ने थाना सहसपुर में पैसे लूटने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

## अल्टस स्कूल की जोया ने स्कूल का नाम किया रोशन



**विकासनगर।** आर्य समाज मंदिर धामवाला , देहरादून ,द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता में द अल्टस इंटर नैशनल स्कूल की जोया मिर्जा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर शील्ड हासिल किया'' आर्य समाज मंदिर धामावाला द्वारा अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था, 'भारत की स्वतंत्रता में आर्य समाज का योगदान' जिसके अंतर्गत देहरादून के 20 इंटरमीडिएट विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें द अल्टस इंटरनैशनल स्कूल से जोया मिर्जा, आफरीन अंसारी, अनुष्का वशिष्ठ तथा सालिया ने भाग लिया। जिसमें जोया मिर्जा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर शील्ड और साथ ही 1101 रुपए की नगद राशि प्राप्त की। जबकि आफरीन अंसारी, अनुष्का वशिष्ठ तथा सालिया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु गुप्ता ने हिंदी विभाग की समस्त शिक्षिकाओं को बच्चों के उचित मार्गदर्शन के लिए तथा समस्त छात्राओं को बधाई दी।

## ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश

**रुद्रप्रयाग।** थाना ऊखीमठ एवं यातायात कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिस उपाधीक्षक ने सभी कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कार्मिकों को ईमानदारी तथा मेहनत से अपने दायित्वों का निर्वहन किए जाने के निर्देश भी दिए। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी/यातायात विकास पुण्डीर ने ऊखीमठ परिसर, भवन, कार्यालय तथा आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय में रखे रजिस्टरों तथा अभिलेखों का निरीक्षण एवं सीसीटीएनएस सहित ऑनलाइन पोर्टलों की जानकारी ली। सीओ ने ऑनलाइन होने वाले कार्यों को समय से सम्पादित किए जाने, थाने पर लम्बित लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण किये जाने के लिए सभी विवेचकों को निर्देशित किया। थाना भोजनालय, हवालात एवं बैरकों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी मुकेश चौहान, उपनिरीक्षक प्रदीप चौहान, चौकी प्रभारी चोपता सतीश चन्द्र शाह सहित थाना ऊखीमठ का पुलिस बल उपस्थित रहा।

## वन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया पौधरोपण अभियान

**नई टिहरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमित कुमार सिरोही के निर्देश पर प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान का आयोजन हनुमान मंदिर भोनाबागी और सुरसिंगधार क्षेत्र के समीप किया गया, जहां लगभग 200 चौड़ी पत्ती और फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान में प्राधिकरण के कर्मियों के साथ-साथ अधिवक्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

# नाग पंचमी पर मन्दिरों में नाग देवता की हुई पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकास नगर।**पछवादून में श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग देवता की पूजा अर्चना की गयी। विशेषकर शिव मन्दिरों और नाग देवता के स्थानों पर पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालु लोगों की भारी भीड रही। विक. ासनगर, सहसपुर, सैलाकूई, हरबर्टपुर, डाकपत्थर ढकरानी, तेलपुर, मेंहूवाला ग्रामों आदि के शिवालयों, मन्दिरों आदि में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की भीड रही। भक्तों ने परिवार सहित मिलकर नाग देवता की पूरी श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिये मंगलकामनायें की।

विकासनगर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नम्बर एक लक्ष्मनपुर में खेतों के बीच बने नाग मन्दिर में मीना शर्मा, कोमल गुप्ता, मीना देवी गुप्ता, ममता, शर्मा, निशा, रामपाल, सुनील थापा आदि सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रावण मास की शुक्ल पक्ष पंचम तिथि को नाग देवता की तिथि और भगवान शिव को नागों का देव माना जाता हैं। परम्परा के अनुसार आज के ही दिन भगवान श्रीकृष्ण ने भी गौकुल वासियो की कालिया नाग से रक्षा की थी। इस मौके पर भक्तों ने दूध, दही, घी, शक्कर, शहद आदि से स्नान कराकर प्राण-प्रतिष्ठा कर नाग देवता मूर्ति पर श्रद्धा भक्ति-भाव से भीगे चने, दूध, खील पतासे, मिष्ठान आदि चढाकर पूरी श्रद्धा-भक्ति से धूप-दीप कर पूजा अर्चना की।

## बरसाली- कुपडा में धूमधाम से मना नागपंचमी का पर्व

**उत्तरकाशी:** जिले भर में नाग पंचमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों ने दूध और लावे से नाग देवता की पूजा-अर्चना किया। शिवालयों और मंदिरों पर नाग देवता की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पर्व का उल्लास ग्रामीण अंचलों में देखने को मिला। ग्रामीण अंचलों में नागपंचमी पर्व को लेकर लोग काफी उत्साहित दिखाई दिए।

मंगलवार को कुपडा गांव में भगवान शेषनाग देवता के मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भोग अर्पित किया और शेषनाग देवता के दर्शन किए। मेले में मक्खन की होलडा खेलीउ गई।

## योग अभ्यास के साथ एनएसएस स्वयंसेवकों को मिला स्वास्थ्य का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** हिमालय इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट, जौलीग्रांट भानियावाला के रूरल एंड डेवलपमेंट विभाग के छात्रों ने पीजी कॉलेज नई टिहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं और योगा. सनों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नियमित योगाभ्यास के लाभों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ और सशक्त बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन प्राप्त करने में भी अत्यंत प्रभावी है। नियमित योग से व्यक्ति अनेक शारीरिक व मानसिक बीमारियों से मुक्ति पा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास संस्थान की प्रबंधक नीलम पांडेय और योग संयोजक लीला उनियाल के मार्गदर्शन में किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा डोभाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को योग की गहराइयों से परिचित कराते हुए उन्हें अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जिसे अपनाकर व्यक्ति स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जी सकता है।

## अरविंद घोष इंटर कालेज ने मनाया नाग पंचमी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज डाकपत्थर में प्रकृति, प्राणि-जगत और पंचतत्वों के प्रति सह-अस्तित्व और संवेदना का संदेश देने वाल नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस उपलक्ष्य मे विद्यालय में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्सव में रंगा. रंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में कक्षा 12 की कुसुम थापा ने बाजी मारी, कक्षा 11 की कशिश चौहान दूसरे व कक्षा 12 की हिमांशी चौहान तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में कक्षा 10 की नीतु चौहान अव्वल रही। कक्षा 9 की प्रिंसी शर्मा दूसरे व आरजू तीसरे नंबर पर रही। सब जुनियर में कक्षा 8 की नव्या कोली प्रथम, कक्षा 8 की नव्या द्वितीय व कक्षा 7 की इलमा तृतीय रही। कार्यक्रम में सभी के द्वारा पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य अरूण डबराल, अध्यापक भरत सिंह चौहान, कुंवर सिंह राय, सरिता सैनी, एकता चौहान, शीतल शर्मा, अनीता नयाल, कृष्णा जोशी, सुमिता लखरवाल, प्रियंका तोमर, कुसुम ध्यानी, सरिता विजल्वाण, शूरवीर तोमर, अमित कोठियाल, विनतोष गैरोला, चेतन रमोला, इंद्रजीत सिंह, सुमित, कमल सिंह बिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# बाघ संरक्षण को जागरूकता बढ़ाने पर दिया गया बल

■ अनेक संस्थाएं अपने जीवन स्तर से बाघो को बचाने का कर रही प्रयास: अतुल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर पछवादून विकास मंच द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखन वाला में आयोजित गोष्ठी में बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।

बाघ संरक्षण का उद्देश्य बाघों को विलुप्त होने से बचाना तथा उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित करना है, बाघ एवं पशु पक्षी सभी प्रकृति के अच्छे संवाहक है, प्रकृति को अगर बचाना है तो प्रकृति के संवाहक सभी तत्वों को बचाना भी आवश्यक है।

मंच संयोजक अतुल शर्मा ने अंत. रराष्ट्रीय बाघ दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा कहा की भारत में भी प्रोजेक्ट टाइगर 1973 में प्रारंभ हुआ था और यह बहुत बड़ा प्रयास है जिसमें कई वन जीवन उनकी प्रजातियों के खतरे और अवैध शिकार से भारत में जंगलों के सिकुड़ने पर भी गंभीर चिंता उस समय व्यक्त की गई थी, आज अनेक संस्थाएं अपने-अपने स्तर से बाघों को बचाने का प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से बाघ दिवस थीम पर आर्ट प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई जिसमें प्रथम जिया कश्यप, द्वितीय अदिव और तृतीय निहारिका रह, जिन्हें मंच द्वारा पुरष्कृत किया गया। इस अवसर पर मंच संयोजक अतुल शर्मा, मंच के वरिष्ठ सदस्य मुकेश राज, आमोद शर्मा, वीर सिंह राणा, रजनी धीमान, अलका शर्मा, मीनू भारद्वाज, राकेश कश्यप, भूपेंद्र सिंह, राहुल कश्यप आदि उपस्थित थे।

# चुनाव की मतगणना की तैयारी पूरी, 31 को मतगणना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक दो चरणों में पूर्ण हो चुकी है। अब 31 जुलाई को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतगणना स्थलों को चिन्हित कर पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है, वहीं मतगणना में नियुक्त कर्मियों को जिम्मेदारियों के प्रति सजग करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं।

प्रशासन द्वारा जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में मतगणना के लिए निर्धारित स्थलों पर टेबलों की संख्या भी सुनिश्चित कर दी गई है। विकासखण्ड जाखणीधार में मतगणना विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार (टिपरी) में की जाएगी, जहां 12 टेबल लगाए गए हैं।

जौनपुर विकासखण्ड के लिए राजकीय इंटर कॉलेज थत्यूड़ में 16 टेबलों की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार थौलधार विकासखण्ड की मतगणना विकासखण्ड कार्यालय थौलधार में 14 टेबलों पर होगी। देवप्रयाग विकासखण्ड में यह प्रक्रिया राजकीय इंटर कॉलेज हिंडोलाखाल में 14 टेबलों पर संचा. लित की जाएगी।

प्रतापनगर में मतगणना का कार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापनगर में 14 टेबलों पर संपन्न होगा, जबकि चंबा विकासखण्ड के लिए विकासखण्ड चंबा सभागार में भी 14 टेबल लगाए गए हैं। कीर्तिनगर विकासखण्ड की मतगणना विकासखण्ड सभागार कीर्तिनगर में 8 टेबलों पर होगी। नरेन्द्रनगर विकासखण्ड के लिए मतगणना का आयोजन विकासखण्ड मुख्यालय फकोट में एक हॉल और दो लॉबी में कुल 14 टेबलों के साथ किया जाएगा। वहीं भिलंगना विकासखण्ड की मतगणना विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष भिलंगना में 16 टेबलों पर संपन्न होगी।

प्रशासन द्वारा की गई इन व्यवस्थाओं से यह स्पष्ट है कि मतगणना प्रक्रिया को भी मतदान के समान ही शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। सुरक्षा, निगरानी और तकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि 31 जुलाई को मतगणना के दौरान किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो और परिणाम समयबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से घोषित किए जा सकें।

## पहाड़ की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा उत्तराखण्ड आईडल

**देहरादून।** उत्तराखंड की गायन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने को आरएस मीडिया ने गढ़वाली कुमाऊंनी और जौनसारी भाषा के लोक गीतों को लेकर उत्तराखंड आईडल का आयोजन किया। स्थानीय सहस्त्रधारा रोड स्थित एक होटल के सभागार में उत्तराखंड आईडल का पहले चरण का मुख्य अतिथि गढ़वाली के सशक्त हस्ताक्षर मदन मोहन डुकलान और अभिनेता अशोक चौहान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उत्तराखंड आईडल टीम से अंजू भंडारी ने देंणा हुवे खोली का गणेशाय, गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# निर्वाचन विभाग व संबंधित विभाग मतगणना की तैयारियों में जुटा

■ 31 को विकासनगर, कालसी, चकराता व सहसपुर में होगी मतगणना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के साथ ही निर्वाचन विभाग और संबंधित विभाग मतगणना की तैयारियों में जुट चुका है। बता दें पहले चरण में 24 जुलाई को हुए मतदान के बाद विकासनगर के आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज, कालसी में राजकीय इंटर कॉलेज और चकराता के विकास खण्ड कार्यालय के सभागार मतगणना की तैयारियां जोरों पर है। जहां चाक चौबंद व्यवस्था के बीच दो पाली में होने वाली मतगणना के लिए चकराता विकास खण्ड के 137 पो. लिंग बूथों के लिए 24, कालसी विकास खण्ड के 130 पोलिंग बूथों के लिए 24, विकासनगर विकास खण्ड के 242 पोलिंग बूथों के लिए मतगणना की तैयारियों में जुट चुका है वहीं सहसपुर विकास खण्ड के 50 ग्राम प्रधानों, 40 क्षेत्र पंचायत सदस्यों और चार जिला पंचायत सदस्य पदों सहित ग्राम पंचायतों के वार्ड सदस्य पदों पर द्वितीय चरण में 28 जुलाई को संपन्न हुआ है। जिसके भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद होकर सहसपुर के श्री गुरु राम राय इंटर कालेज में बनाए गए मतगणना केंद्र के स्ट्रोंग रूम में रखा जा चुका है। जबकि 60 और सहसपुर विकास खण्ड के 247 पो. लिंग बूथों के लिए 50 टेबलों पर मतगणना की व्यवस्था की गई है।

निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि टेबलों पर पांच राउंड में बूथ वार पहले ग्राम पंचायत सदस्य और ग्राम के मतों की गिनती होगी, उसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के मतों की गिनती की जाएगी।

# दुकानों पर गरजी जेसीबी, बरसे घन

## काठगोदाम में कार्रवाई के दौरान अधिकारियों से भाजपा नेताओं की झड़प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के ठीक सामने बनी अवैध दुकानों पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी चलवाई।

सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत मिली छूट का दुकानदारों ने गलत फायदा उठाकर दुकानों का निर्माण कराया था। इस दौरान भारी हंगामा और सियासी तकरार भी देखने को मिली। सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं से अधिकारियों से तीखी झड़प हो गयी, लेकिन नेताओं की एक नहीं चली और कार्यवाही को मुकम्मल तौर पर अंजाम दिया गया। प्रशासन को पहले मरम्मत के नाम पर मिली छूट की आड़ में किए गए अवैध निर्माण की जानकारी नहीं थी। वेरिफिकेशन के दौरान इसका खुला. सा हुआ, जिसके बाद मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण और नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम के साथ सचिव विजय नाथ शुक्ल, संयुक्त सचिव गोपाल सिंह चौहान और नगर आयुक्त भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचे। कार्रवाई की भनक लगते ही भाजपा नेता सचिन साह और काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट







समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और अधिकारियों से तीखी बहस शुरू हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वैध दुकानों को भी ध्वस्त किया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। लेकिन प्रशासन ने साफ किया कि यह निर्माण मरम्मत की आड़ में किया गया था और पूरी तरह अवैध है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की पांच और तीन निजी दुकानों के पहले तल पर और नाले पर बने निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। मजदूरों को मौके पर बुलाकर हाथों से भी तोड़फोड़ करवाई गई। देर रात तक अधिकारी कार्रवाई में जुटे रहे। एसएनए गणेश भट्ट और एई अंकित वोरा मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि मंगल पड़ाव से काठगोदाम तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के तहत सड़क के दोनों ओर 12-12 मीटर तक का क्षेत्र अधिग्रहित किया गया है। इस दायरे में आने वाली कई दुकानें पहले ही आंशिक रूप से तोड़ी जा चुकी हैं। लेकिन कुछ व्यापारियों ने मरम्मत की अनुमति के बहाने नया निर्माण खड़ा कर दिया था, जिसे प्रशासन ने अब पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।

### वर्ष 2016 की अनुमति का दिखाया दस्तावेज

**हल्द्वानी।** नगर निगम की दुकानों में किराएदारों का अपना अलग ही तर्क था। उनका कहना है कि वर्ष 2016 में 1.50 लाख रुपये प्रीमियम व पांच रुपये वर्ग फुट पर प्रथम तल पर दुकानें बनाने की अनुमति दी गई थी। तब रुपये नहीं थे, फिर कोविड महामारी फैल गई इसलिए अब बना रहे हैं। जबकि नगर निगम अधिकारियों ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम में नक्शे का आवेदन कर स्वीकृति लेनी थी और अनुमति से छह माह के भीतर निर्माण करना था अब नौ साल बाद निर्माण मान्य नहीं होगा।

सड़क चौड़ीकरण में दुकानें ध्वस्त हुई थीं इसलिए इन दुकानों को मरम्मत के लिए छूट दी थी लेकिन इसकी आड़ में अवैध निर्माण किया गया। किसी ने भी बिना नक्शा स्वीकृति या अनुमति लिए ही निर्माण कर दिया जो कि पूरी तरह अवैध है। इस वजह से अवैध निर्माण ध्वस्त किया जा रहा है।

**विजय नाथ शुक्ल, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण**

काठगोदाम क्षेत्र की नगर निगम की पांच दुकानों के प्रथम तल पर निर्माण किया जा रहा था। वर्ष 2016 की अनुमति दर्शा रहे हैं। इसमें भी नक्शा स्वीकृति के छह माह में निर्माण करना था लेकिन तब निर्माण नहीं किया। यदि निर्माण करना था तो नगर निगम से अनुमति लेनी चाहिए थी। यह निर्माण पूरी तरह अवैध जिसे ध्वस्त किया जारहा है।

**ऋचा सिंह, नगर आयुक्त**

# मित्र पुलिस की कार्यशैली पर सवाल, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एक महिला ने पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया है। महिला का कहना है कि उसके पति के साथ दबंगों ने बेरहमी से मारपीट की, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने उल्टा उसके पति को ही शांति भंग की धाराओं में रातभर थाने में बैठाए रखा।

पीड़िता ने करीब दो महीने तक न्याय के लिए पुलिस अधिकारियों, यहां तक कि जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा, मगर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बता दें कि सदर बाजार हल्द्वानी निवासी पूजा गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बताया कि उनके पति एक व्यापारी हैं और पूजा-पाठ व कास्मेटिक सामग्री की दुकान चलाते हैं। दुकान अच्छी चलने के कारण पड़ोस के कुछ लोग लगातार तंज कसते थे। 9 मई की रात लगभग 9 बजे जब उनके पति दुकान बंद कर रहे थे, तभी पवन गुप्ता, अक्षय गुप्ता, हर्षित गुप्ता और मुकेश उर्फ मोनू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। पहले गाली-गलौज की, फिर यह कहते हुए हमला कर दिया कि वह ग्राहकों को कम दाम पर सामान क्यों देता है। आरोप है कि उन्होंने उनके पति को बेहरमी से पीटा और उनके गले से सोने की चेन भी लूट ली गई। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घायल अवस्था में पति ने खुद पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने न तो सीसीटीवी देखा, न ही दोनों पक्षों की बात सुनी, और सीधे पीड़िता के पति को ही शांतिभंग की धाराओं में नामजद कर रातभर थाने में बैठा दिया। महिला का आरोप है कि पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई दबाव में आकर एकतरफा की गई, जिससे उन्हें न्याय के बजाय और पीड़ा झेलनी पड़ी। महिला ने बताया कि न्याय की गुहार लेकर उसने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोचिंग संचालक की करंट लगने से मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बेड़ापोखरा क्षेत्र से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। वर्ष 2018 की डकैती और पत्नी की नृशंस हत्या के बाद लंबे समय तक अवसाद में रहे कोचिंग सेंटर संचालक भुवन चंद्र भट्ट की बीते सोमवार को करंट लगने से मौत हो गई।

हादसा उस वक्त हुआ जब वह घर में पानी की मोटर ठीक कर रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी क्षेत्र के बेड़ापोखरा निवासी 45 वर्षीय भुवन चंद्र भट्ट पुत्र स्व. शंकर दत्त भट्ट बीते सोमवार सुबह वह अपने घर में पानी की मोटर चालू करने गए, लेकिन जब पानी नहीं आया तो मोटर देखने लगे। इसी दौरान मोटर में फैले करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाए। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि 2018 सात जून की रात भुवन चंद्र भट्ट के घर में बदमाशों ने डकैती की थी। इस दौरान उनकी पत्नी राधा भट्ट की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जबकि भुवन को बुरी तरह घायल कर लूटपाट की गई थी। उस समय उनकी 7 वर्षीय बेटी अनन्या अपने नाना के घर थी, जिससे वह वारदात से बच गई थी। इस सनसनीखेज डकैती ने पूरे शहर को झकझोर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें अदालत ने वर्ष 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, उस घटना के बाद से भुवन मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुके थे। उन्होंने कोचिंग सेंटर बंद कर दिया और कई वर्षों तक गहरे अवसाद में रहे।

## फैशन में सादात का जलवा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के निवासी सादात मलिक ने एक बार फिर नैनीताल का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में अवध फैशन वीक-2025 में मिस्टर नॉर्थ इंडिया 2025 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। बता दें यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित हुआ था जहां बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। सादात मलिक नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट जोसेफ और सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र रह चुके हैं, इससे पहले भी वे कई पुरस्कार जीतकर उत्तराखंड को गर्वित कर चुके हैं। यह सममान उन्हें 27 जुलाई को लखनऊ में प्राप्त हुआ। पुरस्कार जीतने के बाद सादात मलिक ने कहा कि कोई भी खिताब मेहनत और समर्पण से संभव है। सादात की इस कामयाबी से पूरे नैनीताल में खुशी की लहर है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0डि0 ) महोदय, रूद्रप्रयाग**
**दीवानी वाद सख्या** 11 / 2025

**वादी :-** श्रीमती कमला देवी उम्र 76 साल पत्नी श्री जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम डडूवा ग्राम पोस्ट लोदला तहसील थराली जिला चमोली। हाल ग्राम शिवानन्दी, थाना, तहसील व जिला रूद्रप्रयाग

**बनाम**

**प्रतिवादीगण :-**
1. ग्राम पंचायत शिवानन्दी द्वारा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, शिवानन्दी, विकास खण्ड अगस्त्यमुनि जिला रूद्रप्रयाग।
2. तहसीलदार, तहसील रूद्रप्रयाग, जिला रूद्रप्रयाग।
3. उपजिलाधिकारी, सतपुली जिला पौडी गढवाल।
4. अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सतपुली जिला पौडी गढवाल।
5. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
6. आम और खास

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी ने एक वाद अपने लापता पिता श्री गोवर्धनदास पुत्र श्री गोविन्द राम निवासी ग्राम शिवानन्दी, तहसील व जिला रूद्रप्रयाग, दिनांक 14.09.1951 को स्थान सतपुली जिला पौडी गढवाल में आयी आपदा में लापता होने तथा आज तक उनके कोई जिन्दा या मुर्दा होने के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त न होने के कारण श्री गोवर्धन दास पुत्र गोविन्द राम की दीवान मृत्यु घोषित करने के मेरे न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति एवं जवाबदावा हेतु दिनांक 18.8.2025 की तिथि नियत है अतः आप उक्त दिवस को ठीक 10 बजे सुबह मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता उपस्थित होना सुनिश्चित करे ऐसा करने में चूक ना हो।

आज दिनांक 29-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) रूद्रप्रयाग।**

**सूचना**

यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नंबर **UK15 20200001323** में मेरे पिता का नाम **SURENDRA SINGH NEGI** भूलवश दर्ज हो रखा है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का सही नाम **SURENDRA SINGH** दर्ज है।

**न्यायालय पारिवारिक न्यायाधीश रूद्रप्रयाग।**
**वै0 वा0 सं0**- 16 / 2025

**प्रार्थिनी:-** नीता रावत,

**बनाम**

**विपक्षी :-** अरविन्द सिंह रावत,

अन्तर्गत धारा 25 (1) (i) स० ना० संहिता उतराखण्ड-2023

**समन बनाम**- अरविन्द सिंह रावत, पुत्र श्री मकान सिंह रावत, निवासी ग्राम-महरगाँव, थाना रूद्रप्रयाग, तहसील जखोली, जिला-रुद्रप्रयाग।

चूँकि वादिनी / प्रार्थिनी नें आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में अन्तर्गत धारा 25 (1) (i) स० ना० संहिता उत्तराखण्ड 2023 का एक वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु दिनांक-28/08/2025 की तिथि वास्ते जबाबदावा / आपत्ति हेतु नियत है।

अत: आप उक्त दिवस को न्यायालय में स्वंय या जरिये अधिवक्ता उपस्थित होवें ऐसा करनें में चूक न हो अन्यथा मामले में एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।

**आदेशानुसार**
**परिवार न्यायालय रुद्रप्रयाग**

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पोल निर्माण खण्ड, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, रामनगर रुड़की-247667
दूरभाष: 01332-262135, ई-मेल आई0डी0: epcdramnagar88@gmail.com

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतू केन्द्र/राज्य सरकार/निगमों के अनुभवी प्रतिष्ठित आयकर जी०एस०टी० एवं ई०पी०एफ० आदि में पंजीकृत तथा ई०पी०एफ० जमा कराने के चालान की प्रतिधारी ठेकेदारों से हस्ताक्षरयुक्त मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक **12.08.2025** को दोपहर 1:00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक **12.08.2025** को ही दोपहर 2:00 बजे तक प्राप्त कर दोपहर 2:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। उक्त तिथि में अवकाश होने पर निविदाये अगले कार्य दिवस में प्राप्त की व खोली जायेगी। निविदा की वैधता खुलने की तिथि से 03 माह होगी। निविदायें किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखें व निविदा धनराशि नकद/बैंक ड्राफ्ट जमा करने पर निविदा प्राप्त किये जा सकते है। किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। डाक से निविदा मंगवाने पर डाक व रूपये 100/- अतिरिक्त देय होगा तथा डाक से हुये विलम्ब पर विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा। जिन निविदाकारो पर विभाग द्वारा पेनाल्टी लगाई गयी हो अथवा जिनके द्वारा बिभागीय कार्य सन्तोषजनक एवं पूर्ण नहीं किये गये हो/कराये जा रहा हो उन्हे एकल अथवा संयुक्त रूप से भी निविदा नही बेची जायेगी। शर्तेधारी निविदाए स्वीकार नही की जायेगी। निविदाकार निविदा प्रपत्र खरीदने से पूर्व निर्माण कार्य स्थल का भली-भाँति निरीक्षण कर लेवे।

पिछले 03 वितीय वर्ष में एक अनुबन्ध के अन्तर्गत अनुमानित लागत का 80 प्रतिशत या दो अनुबन्ध के अन्तर्गत प्रत्येक मे 60 प्रतिशत या तीन अनुबन्ध के अन्तर्गत प्रत्येक में 40 प्रतिशत के जानपदीय कार्यो (Civil Works) का अधिशासी अभियन्ता जानपद / उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा जारी किया कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

निविदा भाग 01 में निविदा वैधता हेतू हस्ताक्षरयुक्त रूपये 100/- का स्टाम्प पेपर तथा धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में प्रतिभूत करते हुये सी०डी०आर०/एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में तथा वान्छित प्रमाण पत्रों तथा ई०पी०एफ० जमा करने की सत्यापित प्रति सहित प्रस्तुत की जायेगी। धरोहर धनराशि निविदा के निर्णय होने से पूर्व वापस नही की जायेगी। निविदा भाग 02 में कार्य की दरे प्रस्तुत की जायेगी। निविदा भाग एक में वान्छित धरोहर धनराशि आदि वान्छित प्रपत्रों के नही पाये जाने पर निविदा भाग 02 नही खोला जायेगा।

**निविदा संख्या 02/2025-26**:- विद्युत पोल फैक्ट्री परिसर में स्थित कार्यालय भवनों की मरम्मत कार्यालय शौचालयों के टाइल्स का कार्य बाउंड्री वाल के प्लास्टर और पेंट का कार्य एवं अन्य जानपदीय कार्यो के सम्बन्ध में। धरोहर राशि रू0 30000 निविदा शुल्क रू0 1000+18% जी०एस०टी० कार्य की अवधि 03 माह।

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांक: 58/वि0पो0नि0ख0रू0./ दिनांक: 29/07/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' टोल फ्री नं0 1800-419-0405

**कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड**

पत्रांकः- 507/सूचना/नामपरि0/कर-अनु0/न0नि0रूड़की /2025-26 दिनांक-29/07/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 837, सिविल लाईन | श्री राजीव राचदेवा पुत्र प्रमोद राचदेवा | श्री अभिनव सिंघल पुत्र श्री सूर्यकान्त सिंघल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 2 | 100, मकतूलपुरी | श्रीमति सीमा गुप्ता पत्नि श्री विशाल गुप्ता | श्रीमति शान्ति देवी पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 3 | 101, मकतूलपुरी | श्री विशाल गुप्ता पुत्र स्व0 महेन्द्र कुमार गुप्ता | श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बालीराम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 4 | 175, कानूगोयान | श्रीमति रोशन आरा पत्नि श्री रसूल हसन | श्री रईसुल हसन पुत्र स्व0 मजाहिर हसन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 5 | 295(1-4), कानूगोयान | श्री गुलफाम पुत्र नूर अहमद | श्री शाहनवाज व जुल्फुकार पुत्रगण नूर अहमद | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 6 | 1184, गणेशपुर | श्रीमति मंजीता पत्नि श्री लाल सिंह व लाल सिंह पुत्र श्री राकेश कुमार | श्री राम कुमार शर्मा पुत्र श्री विशम्बर | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 7 | 553, चावमण्डी | श्रीमति पुष्पा डोमाल पत्नि स्व0 विजय कुमार डोमाल | श्री विजय कुमार डोमाल पुत्र स्व0 रमेश चन्द शर्मा | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 8 | 553(1-5), चावमण्डी | श्रीमति पुष्पा डोमाल पत्नि स्व0 विजय कुमार डोमाल | श्री विजय कुमार डोमाल पुत्र स्व0 रमेश चन्द शर्मा | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 9 | 895 व 895/1 व चावमण्डी | श्री संदीप सैनी पुत्र स्व0 जगपाल सिंह | श्री सुनील वैश्य पुत्र स्व0 राम किशोर वैश्य | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 10 | 2, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री शफात खान पुत्र श्री आमिल खान | श्री विशाल कुमार पुत्र विजय कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 11 | 956/2व गणेशपुर | श्रीमति रश्मि देवी पत्नि श्री रमन कुमार पुत्री श्री सतीश कुमार | श्रीमति सुनीता पत्नि श्री सतीश कुमार | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 12 | 861, रामनगर | श्रीमति कविता पाहूजा पत्नि श्री श्रवण कुमार | श्री रोबिन चौधरी पुत्र श्री सुरेश कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 13 | 976, गणेशपुर | श्रीमति अर्चना वर्मा पत्नि श्री मनोज वर्मा | श्रीमति लीला देवी उर्फ सपना देवी पत्नि श्री रामकिशन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 14 | 121/2, आदर्शनगर | श्री अरूण पुत्र श्री राजेश कुमार | श्रीमति बरखा रानी पत्नि श्री अरूण कुमार | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 15 | 298, आदर्शनगर | श्रीमति प्रवेश गुप्ता पत्नि स्व0 राजेश कुमार गुप्ता | श्री राजेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री बेनी प्रसाद | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 16 | 143, नेहरूनगर | श्रीमति रजिया सुलताना पत्नि हम्माद व रोशन आरा पुत्री मौ0 रियाल | श्री विशाल जेम्स पुत्र जसवन्त | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 17 | 308, रामनगर | श्रीमति वीना ग्रोवर पत्नि श्री विजय कुमार ग्रोवर | श्री दिलीप कुमार पुत्र श्री छबील दास | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 18 | 891, रामनगर | श्रीमति निधी मल्ला पत्नि श्री सुनील मल्ला | श्री जितेन्द्र अरोरा पुत्र श्री जगदीश लाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 19 | 313, कानूगोयान | श्री कमल अग्रवाल पुत्र श्री अरूण अग्रवाल | श्री बस्तीराम पुत्र श्री हरि राम | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 20 | 280, मकतूलपुरी | श्री कुणाल शर्मा पुत्र श्री जितेन्द्र शर्मा | जसवन्त सिंह व कृपाल सिंह पुत्रगण श्री प्रकाश सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 21 | 280 (1-4), मकतूलपुरी | श्री कुणाल शर्मा पुत्र श्री जितेन्द्र शर्मा | श्रीमति शान्ति देवी पत्नि श्री प्रकाश चन्द | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 22 | 1163 (1-3), रामनगर | श्री तैय्यब अली पुत्र शमशाद अली | मकसूद साबरी पुत्र स्व0 शेख अब्दुल्ला ब0 जावेद साबरी, अरशद साबरी पुत्र मकसूद साबरी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 23 | 1473 व 1474, सिविल लाईन | श्री शशांक गोयल पुत्र श्री प्रमोद गोयल | श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री करतार सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 24 | 845, आदर्शनगर | श्रीमति पारूल मित्तल पत्नि श्री विनय मित्तल | श्री अनिल कुमार मित्तल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार मित्तल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 25 | 845, आदर्शनगर | श्री विनय मित्तल पुत्र श्री विनोद कुमार | श्री अनिल कुमार मित्तल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार मित्तल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 26 | 1317, चावमण्डी | श्रीमति उषा गुप्ता पत्नि स्व0 विष्णु प्रसाद गुप्ता | श्री विष्णु प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 रघुबीर प्रसाद गुप्ता | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 27 | 222, पूर्वावल्ली | श्री गोपाल कृष्ण शर्मा व बृजकिशोर शर्मा पुत्रगण स्व0 बाल कृष्ण शर्मा | श्रीमति अंगूरी देवी पत्नि श्री बाल किशन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 28 | 194, आदर्शनगर | श्री राजय राचदेवा पुत्र स्व0 विलायती राम राचदेवा | श्री विलायती राम पुत्र स्व0 बेलीराम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 29 | 290, रामनगर | श्रीमति एकता सैनी पत्नि श्री राजीव सैनी व श्रीमति आरूषी सैनी पुत्री श्री राजीव सैनी | श्री सोहन सिंह पुत्र श्री खेम सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 30 | 455, अम्बर तालाब पूर्वी | श्री वरूण मेहंदीरत्ता पुत्र स्व0 सुभाष चन्द मेहंदीरत्ता | श्री सुभाष चन्द पुत्र श्री रामशरण | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 31 | 76(76) ए, सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब0 (अध्यासी) मौहम्मद आशिक खान पुत्र मौहम्मद यासीन खान एवं मौहम्मद सादिक खान पुत्र श्री मौहम्मद आशिक खान | श्रीमति परवीन बेगम पुत्री श्री इकबाल अहमद पत्नि मौ0 आशिक खान | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 32 | 76 (74), सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब0 (अध्यासी) श्रीमति मनोरमा पत्नि स्व0 आर्थर मसीह | श्री आर्थर मसीह पुत्र बी0 मसीह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 33 | 1524, चावमण्डी | श्री देवेश चौहान पुत्र स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद | श्री संदीप सैनी पुत्र जगपाल सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 34 | 198, पूर्वावल्ली | श्रीमति पूनम आर्य पुत्री श्री ईसपाल पत्नि श्री हरवीर सिंह | श्री ईसपाल पुत्र श्री चुहड़ा सिंह | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 35 | 41, राजपूताना पश्चि0 | श्रीमति मृणाल गोयल पत्नि श्री प्रवीण कुमार | श्रीमति गीता रानी पत्नि श्री राकेश कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 36 | 1005, सिविल लाईन | श्रीमति रानो गुप्ता पत्नि श्री आदेश कुमार गुप्ता | श्री बालेश्वर दत्त शर्मा पुत्र श्री चमन लाल शर्मा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 37 | 370 व 371, मकतूलपुरी | श्री दीपक धीमान पुत्र स्व0 श्री तेलूराम धीमान | श्री तेलूराम पुत्र श्री रढामल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 38 | 16, राजपूताना पूर्वी | श्री देवेन्द्र गम्भीर पुत्र श्री नन्दकिशोर गम्भीर व श्रीमति सीमा गम्भीर पत्नि श्री देवेन्द्र गम्भीर | श्रीमति निशा गोयल पत्नि श्री विजेश कुमार गोयल व श्रीमति नीलम गोयल पत्नि श्री आलोक कुमार गोयल व श्रीमति सीमा अग्रवाल पत्नि श्री आशीष कुमार अग्रवाल व श्री पुनीत गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 39 | 245, सिविल लाईन | श्री अशित जैन पुत्र श्री सुनील कुमार | श्री सुनील कुमार जैन व मीनू जैन पुत्र स्व0 विमल प्रसाद जैन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 40 | 1447, रामनगर | श्रीमति अन्जु पत्नि श्री संजय कुमार | श्री सुशील कुमार गुप्ता पुत्र श्री पल्टू मल गुप्ता | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 41 | 763, पूर्वावल्ली | कु0 वसुन्धरा पुत्री श्री आनन्द राठी व श्री कपिराज लाल आनन्द पुत्र श्री आनन्द राठी | श्री मनोज भारती पुत्र डी0 सी0 सक्सेना | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 42 | 297, नेहरूनगर | दीपांशु अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष चंद अग्रवाल | श्री हेमन्त गुप्ता पुत्र श्री राजकुमार गुप्ता व श्री अंकुर जिन्दल पुत्र श्री रमेश चन्द जिन्दल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 43 | 884/ए, माहिग्रान | श्रीमति शहराना पत्नि मौ0 फरमान अली | मौ0 फरमान अली पुत्र मौ0 इस्तकार | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 44 | 628 (1-4), रामनगर | श्रीमति पूजा चढढा पत्नि स्व0 नितिन चढढा | श्री नितिन पुत्र श्री इंद्रमोहन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 45 | 402, गणेशपुर | श्री दीपक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री श्रवण कुमार | श्रीमति कुसुम देवी पत्नि स्व0 श्री श्रवण कुमार | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 46 | 171, मकतूलपुरी | श्री अशोक कुमार पुत्र स्व0 श्री रामचन्द व सतीश कुमार पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र | श्री रामचन्द पुत्र श्री फतेह चन्द | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 47 | 30, गणेशपुर | श्रीमति नीरज शर्मा पत्नि श्री विनीत कुमार | श्री रोशन दत्त शर्मा पुत्र स्व0 श्री कृपाल दत्त शर्मा | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 48 | 947, सिविल लाईन | श्री अर्जुन बत्रा व सिद्धार्थ बत्रा पुत्रगण श्री प्रदीप बत्रा | श्रीमति ईश्वरी देवी पत्नि श्री राम प्रकाश | शपथ-पत्र, वसीयत-पत्र |
| 49 | 494/1, अम्बर तालाब पूर्वी | मौ0 अय्यूब पुत्र श्री लियाकत | मौहम्मद अकरम पुत्र मौहम्मद सद्दीक | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 50 | 132, अम्बर तालाब पूर्वी | श्री रमनजीत सिंह व रमनप्रीत सिंह पुत्रगण श्री अमरजीत सिंह | श्रीमति रामकली पत्नि श्री दौलत राम | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 51 | 988/1, रामनगर | मैसर्स एस के डी डवलपर्स रजि0 ऑफिस मकान नम्बर 60 गली नं0 02 रामनगर रूडकी जिला हरिद्वार द्वारा पार्टनर श्री चरणजीत सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह निवासी 402 अशोक मार्ग रामनगर रूडकी परगना व तहसील रूडकी जिला हरिद्वार व प्रमोद मिगलानी पुत्र श्री ओमप्रकाश मिगलानी | श्रीमति स्नेह नागलिया पत्नि श्री जितेन्द्र नागलिया | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 52 | 64, मकतूलपुरी | श्री विशाल गोस्वामी पुत्र श्री कृष्ण गिरी | श्री धीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री ब्रजमोहन सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 53 | 68, मकतूलपुरी | श्रीमति उर्वशी गोस्वामी पत्नि श्री विशाल गोस्वामी | श्रीमति सुषमा रानी पत्नि स्व0 विरेन्द्र सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |

कर-लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर-अधीक्षक
नगर निगम रूड़की



# स्मृति मंधाना ने पहला स्थान गंवाया

**दुबई, वार्ता।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है। हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए

● **वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची सिवर-ब्रंट**

शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्द्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे। मंधाना सीरीज में भारत की ओर से दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं जिन्होंने तीन पारियों में 38-33 की औसत से 115 रन बनाए। हालांकि शतक के साथ इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने वालीं मंधाना इस सीरीज में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगा पाईं और वनडे सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा। सिवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ अंतिम वनडे में 98 रनों की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार मिली थी। सिवर-ब्रंट ने पहली बार जुलाई 2023 में वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद वह लगातार शीर्ष पांच में बनी हुई थीं। 2025 में यह पहली बार है जब सिवर-ब्रंट ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

● **तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी** ●

# ओवल स्टेडियम में दो टेस्ट जीता है भारत

● **ओवल में आखिरी मैच जीते, तो सीरीज बराबर कप्तान शुभमन गिल तीन बड़े रिकॉर्ड्स के करीबी**



**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रा हुआ या इंग्लैंड जीती, तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकाड्र्स बनाने का मौका भी है। लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रा कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रा भी रहे। द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अनाउंस होने से पहले ही इस फार्मेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत के द ओवल के मैदान पर ही हराकर ट्रॉफी जीती थी। इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रा भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर आलआउट भी हो चुकी है।

टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है। ओवल स्टेडियम में भारत ने 3 बार 500 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए, तीनों बार मुकाबले ड्रा रहे। यहां भारत का हाईएस्ट स्कोर 664 रन है, जो टीम ने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था।

## आईटीएफ विश्व मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक

● **इस चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग लें रही है आलोक भटनागर 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल- यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आईटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे।

आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं और वर्तमान में भारत में 55+ आयु वर्ग में डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में नंबर 1 रैंक पर हैं। उनकी सिगल्स की विश्व रैंकिंग 106 और डबल्स में विश्व रैंकिंग 31 है। टीम के अन्य सदस्यों में पवन कपूर (कप्तान),राज दत्त और लक्ष्मीकांत तंवर शामिल हैं। आलोक को पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की कप्तानी के लिए चयनित किया गया था, मगर व्यक्तिगत कारणों के चलते वे भाग नहीं ले सके थे।

# सात्विक-चिराग फिर शीर्ष-10 में शामिल

● **भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम रैंकिंग में जोरदार वापसी की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी ने बैडमिटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में जोरदार वापसी की है, जिससे इस सीजन की शुरुआत में थोड़ी गिरावट के बाद शीर्ष 10 में उनकी जगह पक्की हो गई है।

एशियाई सर्किट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, जहां कोरियाई और मलेशियाई जोड़ियां लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं, ऊपरी वर्ग में उनकी वापसी हुई है। कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने 85,000 अंकों और 79 करियर जीत के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखते हुए नंबर 1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

इस जोड़ी की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है और वे अब भी सबसे बड़ी जोड़ी बनी हुई हैं। मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक 68,750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, और उन्होंने हमवतन मान वेई चोंग और टी काई वुन को पीछे छोड़ दिया है, जो अब 65,630 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

थाईलैंड के किट्टिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुआवारानुक्रोह 57,040 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ताइवान के ली फैंग-चिह और ली फैंग-जेन 55,000 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नए जोश और शीर्ष-स्तरीय टूर्नामेंटों के साथ, सात्विक और चिराग अपनी रैंकिंग में उछाल को बरकरार रखते हुए और आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे।

# दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

● **सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में होंगे**

**बेंगलुरु, वार्ता।** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की।

सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे। दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुकाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा। विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा। दलीप ट्रॉफी, जो 2015-16 सीज़न तक क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाती थी, को 2016-17 और 2019-20 के बीच बेतरतीब ढंग से चुनी गई टीमों-भारत ए, बी, सी और डी - से बदल दिया गया। 2022-23 में यह टूर्नामेंट अपने क्षेत्रीय प्रारूप में वापस आ गया, लेकिन पिछले साल फिर से एबीसीडी संरचना का उपयोग किया गया। बीसीसीआई की पिछली एजीएम में लिए गए निर्णय के बाद, अब क्षेत्रीय प्रणाली बहाल कर दी गई है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## राज्यसभा ने दिव्या देशमुख को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राज्यसभा ने युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को प्रतिष्ठित फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले सदन को दिव्या देशमुख की जीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख की जीत देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वह अपनी और सदन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

## गुलाबी गेंद से एशेज टेस्ट से पहले इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगी

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (29 जुलाई) को पुष्टि की कि इंग्लैंड, दिन-रात्रि एशेज टेस्ट की तैयारी के लिए दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगा। यह पहली बार होगा जब इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश के साथ कई दिनों का मैच खेलेगा, क्योंकि 2022-23 सीजन तक यह हमेशा एक दिवसीय मैच होता था। यह गुलाबी गेंद का मैच 29 और 30 नवंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच खेला जाएगा। इसके तीन दिन बाद, इंग्लैंड 4 दिसंबर से गाबा में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री एकादश टीम को अंतिम रूप देने के लिए चयनकर्ताओं के साथ बैठक करने को उत्सुक हूं, जिसमें मजबूत इंग्लिश टीम का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर से सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह दौरा करने वाली टीम का दूसरा अभ्यास मैच होगा, जबकि पहला अभ्यास मैच पर्थ में शुरुआती टेस्ट से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अंतर-टीम मुकाबला था।

# ऑस्ट्रेलिया का कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन

● **ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 3-0 और टी-20 में 5-0 से क्लीन स्वीप किया**




**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आज भारतीय समयानुसार पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में वेस्टइंडीज पर 3 विकेट से रोमांचक जीत के साथ सभी प्रारूपों में 8-0 से क्लीन स्वीप करते हुए अपने कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन किया।

इस परिणाम के साथ, मेहमान टीम ने टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम को 3-0 से और टी20 सीरीज में 5-0 से करारी शिकस्त देकर 8-0 की व्यापक जीत सुनिश्चित की। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबरते हुए तीन ओवर शेष रहते 173/7 का स्कोर बनाया। मिशेल ओवेन (37), टिम डेविड और कैमरन ग्रीन जैसे मध्यक्रम के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत यह उपलब्धि हासिल की। पूरी टी20 सीरीज में अपने लगातार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए, ग्रीन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इससे पहले, शिमरोन हेटमायर की 30 गेंदों में 52 रनों की तेज पारी के बावजूद, विंडीज़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-4 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई। वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने 41 रन देकर 3 विकेट लेकर प्रभावित किया, दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी आउट किया और अहम मौकों पर साझेदारियां तोड़ीं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 35 रनों की तेज पारी खेलकर शुरुआती गति प्रदान की, लेकिन ग्लेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेटमायर के पलटवार, जिसमें 17वें ओवर में ड्वारशुइस पर किया गया हमला भी शामिल था, ने विंडीज की उम्मीदें कुछ समय के लिए जगाईं, लेकिन फिफ्टी के तुरंत बाद उनके आउट होने से टीम का अंतिम तीन ओवरों में पतन हो गया और मेजबान टीम अंतिम तीन ओवरों में केवल 14 रन ही बना सकी।

# फिनलैंड में महेश तांबे का टी-20 में विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम बाल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफ मैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे।



● **आठ बॉल में पांच विकेट लिए, 2022 में बहरीन के जुनैद ने 10 गेंद में किया था कारनामा**

तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। फिनलैंड ने 5 विकेट से जीता मैच फिनलैंड ने 142 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। उन्होंने 60 गेंदों की नाबाद पारी में फराज मेहती अब्बास (19) और जार्डन (18) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फिनलैंड ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

# बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेल सकते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए: मांजरेकर



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए क्योंकि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो मैच डे हिंदी पर मांजरेकर ने कहा कि

**भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की जरुरत है जो 20 विकेट ले सके**

भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके।

अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि (रवींद्र) जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा कि मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रा के रूप में भारत के पक्ष में आया इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है।

# ब्रॉड ने 'हैंडशेक ड्रामा' पर कहा टेस्ट शतक बनाना मुश्किल

● **जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के प्रस्ताव को ठुकरा दिया**



**लंदन, वार्ता।** चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट की आखिरी शाम ओल्ड ट्रैफर्ड में तनाव का एक अनोखा दौर देखने को मिला, जब भारतीय बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और वाशिगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच ड्रॉ कराने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और इसके बजाय व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने का फैसला किया।

इस पल ने इंग्लैंड के खेमे में निराशा पैदा कर दी, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है। भारत के चार विकेट पर 430 रन और मैच के ड्रॉ की ओर बढ़ने के साथ, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने आखिरी घंटे की शुरुआत में पारंपरिक हैंडशेक का संकेत दिया। मैदान पर 143 ओवर खेल चुके इंग्लैंड ने मैच का अंत करने की कोशिश की। हालांकि, जडेजा और सुंदर ने नियमों के दायरे में रहते हुए, अपने शतक पूरे करने की कोशिश में बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट का एक अनोखा दौर शुरू हुआ। नतीजे की सारी उम्मीदें खत्म हो जाने के बाद, पार्ट-टाइमर हैरी ब्रूक को ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए बुलाया गया-हालांकि वह एक मध्यम गति का गेंदबाज है। गेंदबाजी में तीव्रता की कमी थी, और इंग्लैंड के खिलाड़ियों द्वारा जल्दबाजी में गेंदबाजी करने की कोशिश के कारण मैदान पर भीड़ जमा हो गई। 'निराशा ज़रूर थी,' ब्रॉड ने मैच के बाद कमेंट्री के दौरान कहा। लेकिन सुंदर अपने पहले शतक के कगार पर थे, जडेजा भी करीब थे। वे चार घंटे से मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहे थे। आप उन्हें दोष नहीं दे सकते। टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है।

जब ब्रूक बेतरतीब ऑफ-स्पिन फेंक रहे थे, तो भारत ने सावधानी से सिगल रन लेने की कोशिश की, जिसमें जडेजा ने छक्का भी जड़ा। एक से ज्यादा मौकों पर, इंग्लैंड के खिलाड़ियों, जिनमें ब्रूक भी शामिल थे, ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। ब्रॉड ने दोनों टीमों की स्थिति के प्रति सहानुभूति जताई। अगर मैं फील्डिंग कर रहा होता, तो ड्रेसिंग रूम के पास अपने जूते उतारकर मैदान पर जाने के लिए तैयार होता। लेकिन मैं भारत को भी दोष नहीं दे सकता। वह चार घंटे गंभीर दृढ़ संकल्प के थे। मैच के बाद सुंदर की भावनाओं ने दिल को छू लिया।

थोक दवा विक्रेताओं व कंपनियों के औचक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर

# पांच मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस होंगे सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अपर आयुक्त के निर्देशानुसार ड्रग्स कंट्रोल विभाग की टीम द्वारा डी.डी.सी. श्री हेमंत सिंह नेगी के नेतृत्व में रामपुर चुंगी, रूड़की क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं एवं दवा निर्माण कंपनियों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने रामपुर चुंगी क्षेत्र के आसपास स्थित दर्जनभर मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं एवं दवा निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान पाँच जीवन रक्षक दवाओं के नमूने लिए गए तथा मेडिकल स्टोर्स पर गंभीर अनियमितताएँ



पाए जाने के कारण पाँच मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए जाने की संस्तुति दी गई। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान एक दवा निर्माण कंपनी का भी औचक निरीक्षण किया गया, जो बीटा एवं नॉन-बीटा श्रेणी की दवाओं का निर्माण करती है। निरीक्षण में कई कमियाँ पाई

**❖ड्रग्स कंट्रोल विभाग की टीम ने डीसी के नेतृत्व में रुड़की क्षेत्र में निरीक्षण से मची कंपनियों व स्टोर स्वामियों में खलबली**

गईं, जिन्हें तुरंत सुधारने के निर्देश दिए गए। यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि भविष्य में निर्माण कार्य जीएमपी मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो कंपनी का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। डी.डी.सी. श्री हेमंत सिंह नेगी ने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए दवा निर्माण एवं भंडारण कार्य निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुसार किया जाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि क्रय एवं विक्रय से संबंधित सभी रिकॉर्ड सही रूप से संधारित किए जाएँ। साथ ही, नारकोटिक दवाओं का वितरण केवल चिकित्सक के वैध नुस्खे पर एवं फार्मासिस्ट की उपस्थिति में किया जाए। किसी भी अपरिचित व्यक्ति से दवाएँ न खरीदी जाएँ तथा दवाओं की खरीदारी के समय वैध बिल अवश्य लिया जाए, ताकि नकली दवाओं के अवैध व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। ड्रग्स विभाग द्वारा निर्माण इकाइयों एवं विक्रय संस्थानों का निरीक्षण कार्य निरंतर जारी रहेगा। निरीक्षण टीम:1. डीडीसी ख्र श्री हेमंत सिंह नेगी 2. वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार 3. वरिष्ठ औषधि निरीक्षक श्रीमती अनीता भारती 4.औषधि निरीक्षक मनेंद्र सिंह राणा 5.औषधि निरीक्षक हरीश सिंह 6.औषधि निरीक्षक कु. मेघा 7.औषधि निरीक्षक निधि रतूड़ी 8.औषधि निरीक्षक निशा रान आदि।

## पूर्व पार्षद समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पूर्व पार्षद समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों पक्षों में चुनावी रंजिश चली आ रही है।

जानकारी के अनुसार रुड़की कोतवाली को मोहल्ला इस्लामनगर माहीग्रान निवासी सिबगतुल्लाह ने तहरीर देकर बताया कि सगी भाभी पार्षद हैं। जबकि पूर्व पार्षद अफजाल चुनाव हारने के बाद से रंजिश रख रहा है। आरोप है कि पूर्व में भी चुनावी रंजिश को लेकर विवाद किया जा चुका है। पीड़ित ने बताया कि रविवार को भाई स्कूटी पर रात के वक्त मच्छी मोहल्ला की ओर जा रहा था। तभी पूर्व पार्षद अफजाल ने कार से भाई को टक्कर मार दी। विरोध करने पर भाई के साथ मारपीट की गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर आ पहुंचे थे।

वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अफजाल, चांद और मदीर निवासी रुड़की के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

निर्वाचन कार्यालय में तैनात कर्मी के अभद्रता करने पर

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत एक कर्मी के खिलाफ मंगलौर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कर्मी के खिलाफ कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

मंगलवार दोपहर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की। लेकिन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उन्हें नहीं मिले तो वह वहां से अपने घरों की ओर लौट गई। उत्तरांचल राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी पंचायत के नेतृत्व में यूनियन



अध्यक्ष फातमा बेगम के साथ सैकड़ो की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंगलवार दोपहर काफी संख्या में रुड़की तहसील पहुंची।

**❖काफी तादाद में बीएलओ ने मिलकर तहसील में ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ की कार्यवाही की मांग।**

जहां उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यालय तहसील रुड़की में कार्यरत कर्मी सभी बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार करता है। उन्हें एकांत में अपने कार्यालय तहसील रुड़की में आने के लिए बुलाता है। ड्यूटी टाइम 5 बजे के बाद शाम 6 और 7 बजे तक सभी कार्यालय बंद हो जाते हैं तब भी उन्हें जबरन कार्यालय में रोकने का दबाव बनाता है। आरोप लगा है कि ड्यूटी हटवाने या लगवाने के बदले में रिश्वत मांगी जाती है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उक्त कर्मी के खिलाफ कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय में भेजी है।

## चाय की दुकान पर काम करता मिला 13 वर्षीय किशोर, दुकानदार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बाल मजदूरी पर वार कर 13 साल के बच्चे को लेबर इंस्पेक्टर और चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मियों ने मुक्त कराया है। जबकि दुकानदार के खिलाफ भगवानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। कार्रवाई से भगवानपुर कस्बे की दुकान और प्रतिष्ठान आदि में हड़कंप मचा रहा।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर । जून से 31 अगस्त तक बाल एवं किशोर श्रम के खिलाफ अभियान चल रहा है। सोमवार को भगवानपुर क्षेत्र में जिला टास्क फोर्स ने अभियान चलाया। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी रुड़की नवीन चंद्र कुरील, महिला हेड कांस्टेबल बीना गोदियाल, विनीता सेमवाल, एंटी ह्यूमन शाखा हरिद्वार से मुस्तफिजुररहमान चाइल्ल हेल्पलाइन रुड़की से आमिर त्यागी और सुंदर शामिल रहे।सोमवार दोपहर 1:30 बजे न्यू भारत स्वीट्स एंड नमकीन चुड़ीयाला रोड भगवानपुर के यहां टीम पहुंची। जहां टीम ने 13 साल के बच्चे को जो मक्खनपुर भगवानपुर का रहने वाला था काम करता मिला। बच्चा वहां पर साफ सफाई, चाय देने और बर्तन धोने का काम कर रहा था। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि वह यहां कुछ टाइम से काम कर रहा है। जिसके बाद टीम ने दुकान स्वामी मन्नान निवासी सोहलपुर गाड़ा नन्हेड़ा आनंदपुर के खिलाफ भगवानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। जबकि बच्चे को मौके पर परिवार को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। टीम की कार्रवाई से भगवानपुर कस्बे में ढाबे, होटल, दुकान, बाइक, कार मिस्त्री आदि जगहों पर हड़कंप मचा रहा। लेबर इंस्पेक्टर अनिल कुमार पुरोहित ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## 10 साल से बंद पड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना खंडहर

### 15 हजार ग्रामीण आज भी इलाज को मोहताज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रूडकी/भगवानपुर।** नारसन ब्लॉक के भगवानपुर चंदनपुर गांव में करीब 10 साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। जिस इमारत से ग्रामीणों को इलाज की उम्मीद थी, वहां अब घास-फूंस उग आई है, और दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। 'ट्रिपल इंजन की सरकार' होने के दावों के बावजूद यह स्वास्थ्य केंद्र आज तक शुरू नहीं हो पाया। लगभग 15 हजार की आबादी वाला यह गांव और इसके आसपास के दर्जनों गांव स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार एक ओर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने की बात करती है, लेकिन यहां जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह भवन वर्षों से यूं ही वीरान पड़ा है। कभी डॉक्टर, नर्स या स्टाफ की कोई तैनाती नहीं हुई। अब तो इमारत जर्जर होने लगी है और हर ओर लापरवाही साफ दिखाई देती है। जब इस मामले को लेकर मीडिया ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा तो जवाब देने की बजाय सवालों से बचते नजर आए। क्या सरकार और उसके नुमाइंदे तब जागेंगे जब यह भवन पूरी तरह से ढह जाएगा?

दीपक (चौकीदार) ने कहा कि 10 साल हो गए साहब, यहां कभी कोई डॉक्टर नहीं आया, हम तो सिर्फ ताले की रखवाली कर रहे हैं। शबान अली (ग्रामीण) ने बताया कि गांव में बुखार हो या हादसा, हमें 10-15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जब इमारत बन गई तो चालू क्यों नहीं? नौशाद अली (ग्राम प्रधान) ने कहा कि हम कई बार अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है, काम कुछ नहीं होता। सवाल सरकार से क्या करोड़ों की जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही बर्बाद होती रहेगी? कब जागेंगे जिम्मेदार? क्या इस खंडहर को दोबारा उम्मीदों का केंद्र बनाया जाएगा? जरूरत है अब सिर्फ औपचारिकताओं की नहीं, ईमानदारी से फैसले की। यह मांग नहीं ग्रामीणों का हक है।

## कोचिंग जा रहे छात्र का ईंट से सिर फोड़ा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** छात्र पर रास्ते में कोचिंग जाते वक्त चार युवकों ने ईंट से हमला कर सिर फोड़ दिया। लहूलुहान हालत में छात्र ने अपने परिवार को घटना की सूचना दी। परिवार ने घायल छात्र का उपचार कराकर पुलिस देकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कराया। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद बुरहान निवासी सती मोहल्ला ने तहरीर देकर बताया कि पुत्र सोमवार को नीले पुल के पास से होकर कोचिंग जा रहा था। तभी रास्ते में पुत्र को चार युवकों ने रोक लिया। पुत्र कुछ समझ पाता उससे पहले ही युवकों ने हाथ में ली ईंट से पुत्र का सिर फोड़ दिया। लहूलुहान होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद हमलावर खुद को भीड़ से घिरता देख आइंदा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि छात्र पर हमले में शामिल युवकों की तलाश जारी है।

## दवाइंडिया जेनेरिक फार्मेसी मेडिकल स्टोर का विधायक ममता राकेश ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम संवाददाता**

**भगवानपुर।** मंगलवार को विधायक ममता राकेश ने गागालेहडी चौक के समीप दवाइंडिया जेनेरिक फार्मेसी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ममता राकेश ने कहा कि सस्ते दामों पर लोगों को दवा उपलब्ध कराएं ताकि गरीब से गरीब लोग पूर्ण रूप से रोग का ईलाज करा सकें और उनकों दवा दुकान से लाभ मिले। गरीब की सेवा करना ही इंसान का धर्म है। दवाइंडिया जेनेरिक फार्मेसी मेडिकल स्टोर के स्वामी ने कहा कि हर तरह



की हमारे स्टोर पर उपलब्ध है। इस मौके पर फारूक प्रधान, दीपक कुमार, कादिर, अरविंद कुमार, वैभव, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## देवरानी पर दो वर्षीय बेटी को जादू टोना के जरिए मारने का आरोप

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी एक महिला द्वारा अपनी देवरानी पर अपनी दो वर्षीय बेटी पर जादू टोना कर मारने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। कस्बा निवासी एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी देवरानी जादू टोटके का काम करती है। उसकी देवरानी ने उसकी दो वर्षीय बेटी पर जादू टोटके कर उसे मार दिया है। महिला ने अपनी दो वर्षीय बेटी की मौत की जिम्मेदार अपनी देवरानी को बताया है। थाना अध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**खोया पाया सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की प्रार्थिया की भूमि स्थित मौजा ग्राम मलकपुर लतीफपुर अंदर हद्द तहसील रुड़की की एक पुरानी वसीयत सं. 168 बही नं. 03, जिल्द नं. 141 पेज नं. 353 से 364 दिनांक 31-08-2020 सब रजिस्ट्रार रुड़की वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य के लिए अवैध होगा।

**श्रीमती सुरुची रानी पत्नी अनुज कुमार नि. हाल निवास आदर्श नगर रुड़की, परगना व तह रुड़की, जनपद हरिद्वार। मोबाइल नं. 9368715864**

## लगातार सात-आठ घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव में मंगलवार को लगातार 7 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र की लगभग 50000 जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे दिन लोगों का जहां गर्मी से बुरा हाल रहा वहीं कस्बे में लगे लघु उद्योग धंधे भी ठप होकर रह गए। झबरेडा कस्बा के साथ-साथ ग्राम भक्तोंवाली, साबतवाली,लोदीवाला, खड़खड़ी,डेलना,खजूरी, मानकपुर आदमपुर,शीतलपुर,कुशालीपुर,लाउरदेवा हुन आदि गांव में मंगलवार को लगातार 7 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से उक्त गांव के लगभग 50000 लोगों को विद्युत आपूर्ति का दंश झेलना पड़ा। कस्बा व क्षेत्रवासी चौधरी बिरम सिंह डॉक्टर जोध सिंह महावीर सैनी यशबीर सिंह रोहित कुमार जमशेद मलिक इंद्रेश कुमार मुकेश कश्यप सुनील कुमार चेतन आदि का कहना है कि सोमवार को सुबह 8 बजते ही विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे बंद होने के बाद दोपहर बाद 3 बजे विद्युत आपूर्ति हो पाई। पूरे दिन विद्युत आपूर्ति न होने से जहां हजारों लोगों का गर्मी के कारण बुरा हाल रहा वही कस्बे में लगे लघु उद्योग धंधे चौपट होकर रह गए।

## पत्नी ने पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**रुड़की।** महिला ने अपने पति के खिलाफ धोखाधड़ी करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। रुड़की कोतवाली को महिला ने बताया कि साजिद निवासी बेल्डा से मई 2016 में निकाह हुआ था। इसके बाद पति ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोप है कि पति ने उसके फर्जी हस्ताक्षर कराकर कई व्यक्तियों से पैसा ले रखा है और धोखाधड़ी व अन्य गलत गतिविधियों में भी शामिल है। आरोप है कि पति ने एक नाबालिग से भी निकाह कर रखा है।

## चार लोगों पर युवती के अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ अपनी पुत्री का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बेहडेकी सैदाबाद निवासी बीना देवी पत्नी सुधीर द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस में अनूपा देवी पत्नी सुमित का घर है । अनुपा देवी के यहां उसके चचेरे भाई सानू त्यागी व चचेरी बहन बुलबुल निवासी ग्राम रई थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का आना जाना हो गया था। इसी के चलते उसकी पुत्री जूही की जान पहचान बुलबुल से हो गई थी। 28 जुलाई सोमवार सुबह लगभग 5:00बजे जब वह तथा उसकी पुत्री जूही इकबालपुर मार्ग पर वॉक कर रहे थे उसी समय एक सफेद रंग की कार उनके बराबर में आकर रुकी उस कार में सानू त्यागी बुलबुल तथा दो अज्ञात लोग बैठे थे। कार में सवार उक्त लोगों ने मेरी पुत्री जूही को जबरदस्ती उठाकर कार में डालकर ले गए, उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी ना हो इसी की आशंका से पुलिस से मदद की गुहार लगाई है थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## जांच अधिकारियों के सामने शिकायतकर्ता से मारपीट व धमकी का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** डोशनी गांव में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच करने पहुंचे ब्लॉक अधिकारियों के सामने ही शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार पर मारपीट और धमकाने का आरोप लगा है। रविंद्र ने पुलिस में लिखित शिकायत देकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और इस पूरे मामले की उच्च अधिकारियों की निगरानी में जांच कराने का आग्रह किया हैरविंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने डोशनी की ग्राम प्रधान के विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार से शिकायत की थी। ब्ल ने इस मामले की जांच के लिए ब्लॉक लक्सर के अधिकारियों को आदेश दिए थे।आज, ब्लॉक के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी जांच के लिए डोशनी गांव पहुंचे थे। रविंद्र के अनुसार,उन्होंनेअधिकारियों से आग्रह किया था कि जांच के दौरान ग्राम प्रधान को मौके पर उपस्थित रहना चाहिए। हालाँकि, प्रधान वहां नहीं थीं, बल्कि उनके पति ष्कुछ गुंडा तबके के लोगोंष् के साथ मौजूद थे।रविंद्र का आरोप है कि इन लोगों ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की और जांच प्रक्रिया में बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जांच करने आए ब्लॉक अधिकारी बिना जांच पूरी किए ही मौके से वापस लौट गए। इस घटना के बाद, रविंद्र कुमार ने मजबूर होकर आध



ा दर्जन व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। उन्होंने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और यह भी जोर दिया है कि मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसकीजांचउच्चअधिकारियों की निगरानी में ही होनी चाहिए।

## खेतों में लगे ट्रांसफार्मर व ट्यूबवेल की मोटर लगातार हो रही चोरी किसानों ने बिजली विभाग व पुलिस पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** खेतों में लगे ट्रांसफार्मर चोरी होने की बढ़ती घटनाओं के संबंध में भारतीय किसान यूनियन (रोड) कार्यकर्ता विद्युत विभाग और पुलिस के अधिकारियों से मिले। उन्होंने विद्युत विभाग कर्मियों पर मिलीभगत का और पुलिस पर गश्त न करने का आरोप लगाया।

रुड़की विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता अमित कुमार के कार्यालय किसानों के साथ पहुंचे भारतीय किसान यूनियन रोड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्म सिंह रोड ने बताया कि ढंडेरी ख्वाजीपुर में खेतों में लगे ट्रांसफार्मर और ट्यूबवेल मोटर लगातार चोरी हो रहे हैं। रोड के अनुसार अब तक तीन ट्रांसफार्मर और 15 से अधिक मोटर चोरी हो चुके हैं। आरोप लगाया कि इन घटनाओं में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत है क्योंकि उनके द्वारा विद्युत लाईन में फाल्ट बताते हुए कई घंटे तक शटडाउन लेते हैं और फिर वारदात हो जाती है। वहीं मामले में अधीक्षण अभियंता ने जांच करवाकर कारवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद भाकियू पदाधिकारी एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल से मिले। किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गश्त न होने के कारण चोरी की वारदाते बढ़ती जा रही हैं। वहीं एसपी देहात ने कहा कि कांवड़ मेले में पुलिस वहां की व्यवस्था



में लगी थी लेकिन अब क्षेत्र में गश्त बढ़ाकर चोरी की वारदातों को रोका जाएगा और हो चुकी घटनाओं का खुलासा करेंगे। इस अवसर पर वेदपाल सिंह, कृष्ण पाल, बिजेंदर, सुशील कुमार, संत कुमार, अशोक कुमार, अनुज कुमार, अक्षय, ऋषि सेवाराम, सोनू शर्मा, हरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 30 जुलाई 2025

## पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि किसी के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध को रोका गया, वह पूरी तरह गलत है। भारत ने किसी के दबाव में आकर कोई फैसला नहीं लिया। जाहिर है, जब वह ऐसा कह रहे थे उनके कहने का मतलब यही था कि यदि कोई युद्ध रोकने का श्रेय लेना चाह रहा है, तो यह सही नहीं है। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह भी बताया कि यह मानकर चलना कि भारत के साथ उस युद्ध में कोई नहीं था यह भी एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि 193 देशों में से मात्र एक-दो देश ही पाक के साथ खड़े थे, जबकि विश्व के अन्य देशों का व्यापक समर्थन भारत के साथ था।

उन्होंने कांग्रेस पर यह कहकर कटाक्ष किया कि कांग्रेस बराबर सरकार विरोधी व सेना विरोधी काम करती रही है। पीएम मोदी के अनुसार भारत ने अपने तमाम लक्ष्य हासिल किए और पाकिस्तान को घुटनों पर लाया गया। पाकिस्तान की पेशकश पर ही युद्ध को रोका गया था। उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी जोरदार हमला यह कहकर सरकार पर बोला था कि सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है और उसने सेना के हाथ बांध रखे हैं। उन्होंने कहा था कि जब पाक पर हमला करने से पहले ही हमारे विदेश मंत्री ही उनके सूचित करेंगे और बताएंगे कि भारत केवल हमला चुनिंदा ठिकानों पर करेगा, उनमें पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान शामिल नहीं होंगे। उससे संकेत क्या मिलता है यही कि सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। राज्यसभा में ही जोरदार चर्चा देखने में आई वहां नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा कि सरकार ने अपने व्यापारिक मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर सीज फायर पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि व्यापार ही वही कारण था जिसकी धमकी देकर उन्होंने भारत को मजबूर किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर युद्ध विराम की घोषणा ट्रम्प की तरफ से पहले कैसे आई।

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर चूक का मामला भी सामने आया और सपा के अखिलेश यादव ने खुलकर कहा कि यह सुरक्षा चूक है और इसमें गृहमंत्री को अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए। यह भी इत्तेफाक ही रहा कि एक दिन पहले ही तीन आतंकवादी जम्मू कश्मीर में हुई एक मुठभेड़ में मारे गए, उनके बारे में गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि यह तीनों आतंकी ही पहलगाम की घटना में शामिल थे और ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर थे। इस पर भी विपक्ष ने इस मुठभेड़ की टाइमिंग पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से जोरदार बहस देखने में आई, जिसकी जनता बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रही थी। बहस किसके पक्ष व विपक्ष में रही यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है कि सभी पक्ष अपने विचारों को खुले मंच से मजबूती के साथ रखें।

### सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए



पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमले में, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था, युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, लोकसभा के प्रत्येक सदस्य ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था, विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे, सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है, सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए, जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी

## भारत की कूटनीति की परीक्षा



**वाहिद नसीम**

भारत आज एक ऐसे कूटनीतिक जाल में फंस चुका है, जहां हर कदम आर्थिक और रणनीतिक बर्बादी की ओर ले जाता है। एक तरफ नाटो देशों (अमेरिका, यूरोप) का विशाल बाजार और हथियारों की चमक, दूसरी तरफ रूस और चीन की उभरती धुरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता अब एक खोखला नारा बनकर रह गया है, और इसका सबसे बड़ा सबूत है हमारी विदेश नीति की कमजोरी, जो हमें इन महाशक्तियों के बीच लटका रही है।

इस जाल में तेल और तेल उत्पादों का निर्यात, जिसमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की भारी हिस्सेदारी है, भारत की आर्थिक रीढ़ का अहम हिस्सा है।

### निर्यात का संकट: तेल और अंबानी का दबदबा

2023-24 में भारत का कुल निर्यात 447 बिलियन डॉलर था। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी 17.5 प्रतिशत (लगभग 67.6 बिलियन डॉलर) थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिसका नेतृत्व मुकेश अंबानी करते हैं, भारत के पेट्रोलियम निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करती है, यानी लगभग 33.8-40.6 बिलियन डॉलर। इसका मतलब है कि भारत के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 7.6 -10 प्रतिशत तक है।

### फार्मास्यूटिकल उत्पाद

ये उत्पाद भी महत्वपूर्ण हैं, जो कुल निर्यात का 6.8 प्रतिशत (30.5 बिलियन डॉलर) है। नाटो देश (अमेरिका, यूरोप, यूके) भारत के कुल निर्यात का 35-38 प्रतिशत (156-170 बिलियन डॉलर) हिस्सा लेते हैं। यदि भारत नाटो को छोड़कर रूस-चीन के साथ जाता है, तो 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर) का नुकसान होगा। इसमें पेट्रोलियम निर्यात का 20-30 प्रतिशत (13.5-20.3 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस का बड़ा हिस्सा) और फार्मा का 50-55 प्रतिशत (15.25-16.78 बिलियन डॉलर) प्रभावित होगा।

रूस और चीन इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। चीन को निर्यात मात्र 3.6 प्रतिशत (16 बिलियन डॉलर) और रूस को 1 प्रतिशत (4-5 बिलियन डॉलर) है। रिलायंस, जो भारत के रूसी कच्चे तेल आयात का 25 प्रतिशत (2024-25 में 17 बिलियन डॉलर) संभालती है, यूरोप को रिफाइंड ईंधन निर्यात में अग्रणी है।



लेकिन रूस-चीन खेमा न तो बाजार दे सकता है, न ही भारत की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता। फार्मा उद्योग में 60-70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, लेकिन नाटो के साथ टकराव से विशेष रसायनों का आयात रुक सकता है, जिससे उत्पादन ठप हो सकता है।

### रक्षा क्षेत्र: रूस के बिना लाचार

रक्षा के मोर्चे पर भारत की हालत और भी नाजुक है। भारत के 85 प्रतिशत हथियार रूस से आते हैं सुखोई मिसाइल सिस्टम। यह हथियार चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से मुकाबले की रीढ़ हैं। रूस को छोड़ने पर 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी हो सकती है। अमेरिका, फ्रांस और इजराइल से इनकी जगह लेने में 10-15 साल लगेंगे। राफेल (36 विमान) और अपाचे जैसे हथियार रूसी हथियारों का विकल्प नहीं बन सकते और उनकी लागत आसमान छूती है। स्वदेशी परियोजनाएं तेजस, AMCA अभी कच्ची हैं, और रूस की जगह लेने में दशकों लगेंगे।

मुकेश अंबानी की रिलायंस न केवल तेल निर्यात में दबदबा रखती है, बल्कि भारत के रूसी तेल आयात में भी अहम भूमिका निभाती है। 2024-25 में भारत का रूस से तेल आयात 68 बिलियन डॉलर था, जिसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत थी। यह ताकत भारत की कूटनीति को और जटिल बनाती है। नाटो के साथ टकराव से रिलायंस के निर्यात बाजार (विशेष रूप से यूरोप) को नुकसान होगा, और रूस-चीन के साथ जाना भी कोई स्थाई हल नहीं, क्योंकि चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी है और रूस की अर्थव्यवस्था सीमित।

भारत की सबके साथ, किसी के खिलाफ नहीं वाली नीति अब उसका गला घोंट रही है। दुनिया दो लकीरों में बंट चुकी है और भारत की तटस्थता इसे कहीं का नहीं छोड़ रही। नाटो के साथ रहने का मतलब रूस से दूरी, और रूस-चीन के साथ जाने का मतलब आर्थिक और सैन्य नुकसान।

**क्या है रास्ता?**

भारत को अब चालाकी छोड़कर ठोस रणनीति चाहिए। रूस के साथ रक्षा सौदों को बनाए रखते हुए नाटो के साथ व्यापार संतुलित करना होगा। रिलायंस जैसे निजी खिलाड़ियों को वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। स्वदेशी रक्षा और फार्मा उत्पादन PLI योजना, बल्क ड्रग पार्क में तेजी लानी होगी, लेकिन यह सब समय मांगता है, और समय भारत के पास कम है।

भारत की विदेश नीति एक तंग गली में फंस चुकी है। नाटो को छोड़ने से 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस की 7.6-10 प्रतिशत हिस्सेदारी) और 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी होगी। रूस-चीन के साथ जाना भी कोई हल नहीं, क्योंकि उनका बाजार और ताकत सीमित है। रिलायंस की तेल निर्यात में 50-60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ताकत है, लेकिन यह ताकत कूटनीतिक कमजोरी के सामने बेकार साबित हो रही है। भारत को अब रणनीतिक स्वायत्तता को नारा नहीं, हकीकत बनाना होगा, वरना यह जंजाल हमें आर्थिक और सैन्य रूप से लाचार कर देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश नीति पर बहुत बारीक अध्ययन रखते हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन से आल्पस क्षेत्र में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्पस में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# वायु प्रदूषण से स्मृति लोप का बढ़ता खतरा



**ललित गर्ग**

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिए न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है।

हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। यह निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी 25 वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएं और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुंचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहां तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आंकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गंवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है।

शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन

## गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप, अब तक सात देशों ने कट्टर मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध

**■ वेल्डकैंप ने कहा: इन मंत्रियों ने दिया फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा**



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। एमपी विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है, अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार की वकालत की है और गाजा में जातीय सफाए की बात कही है। वेल्डकैंप ने यह भी कहा कि नीदरलैंड में इजरायली राजदूत को तलब किया जाएगा और उनसे अपील की जाएगी कि वे नेतन्याहू सरकार से अपना रवैया बदलने को कहें। उन्होंने मौजूदा हालात को बुरा बताते हुए कहा कि नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार है। अक्टूबर 2023 में इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 147 लोग भुखमरी से मारे जा चुके हैं। नीदरलैंड के इस फैसले पर इजरायली मंत्री इतमार बेन ग्विर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंगलवार को कहा कि चाहे उन्हें पूरे यूरोप में घुसने से रोक दिया जाए, वे इजरायल के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने हमास को खत्म करने और इजरायली सैनिकों का समर्थन करने की मांग की। उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वहां हमेशा पीड़ितों को ही दोषी ठहराया जाता है। बेन-ग्वीर ने कहा कि यूरोप एक ऐसी जग वेल्डकैंपह है जहां आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाता है और आतंकवादियों का स्वागत होता है। वहां आतंकवादी आजाद घूम रहे हैं और यहूदियों का बहिष्कार किया जा रहा है। बेन-ग्वीर पहले इजरायल में नस्लवाद भड़काने और एक आतंकवादी संगठन का समर्थन करने के मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। हालांकि अब वह इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं और स्मोट्रिच वित्त मंत्री हैं।

**■ नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार**

गौरतलब है कि इजरायली मंत्रियों बेन ग्विर और स्मोत्रिच की एंट्री पर बैन लगाने वाला नीदरलैंड एकलौता देश नहीं है। इससे पहले 9 जून को आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नार्वे और ब्रिटेन ने भी एकसाथ उन पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन पांचों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इन मंत्रियों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके बाद 17 जुलाई को स्लोवेनिया ने इन दोनों मंत्रियों पर बैन लगा दिया था।

### लंदन में छुरा घोंपने की घटना में दो की मौत

**लंदन।** मध्य लंदन में टावर ब्रिज के पास छुरे से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि कंट्रोल रूम को लंदन के साउथवार्क बरो में ब्रिज के पास एक सड़क पर कई हमलों की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक इकाई में कई लोगों पर हमला किया गया है। पुलिस और एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज किया।



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बायकुला चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर 'शक्ति' को देखते लोग।

# अमेरिका में भी ड्रीमलाइनर से मिला मेडे कॉल

**■ आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान हुआ था क्रैश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने 'मेडे काल' (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है।

पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमानश टेकआफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है। यूनाइटेड एयरलाइंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा: ट्रम्प

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फलस्तीनियों की मदद के लिए वहां 'खाद्य केंद्र' खोलेगा। ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया।

### म्यांमार में बाढ़ आने पर 2200 से अधिक लोगों को बचाया

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार में शान प्रांत के चार शहरों में बाढ़ में घिरे 461 घरों के कुल 2267 लोगों को बचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग के मुताबिक सोमवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ आने से यात्सौक, औंगबन, कलाव और पिडया कस्बे प्रभावित हुए हैं। पिडया कस्बे में मंगलवार सुबह बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीमों ने बचाए गए लोगों को मठों और खेल के मैदानों में स्थानांतरित किया है ।

# ग्रैंड मुफ्ती बोले: निमिषा की मौत की सजा रद्द

**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के आफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। यह भी पहली बार था कि जब मृतक के परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई थी। यह मृतक के परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।



**विदेश मंत्रालय ने नकारा, भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है, मौत की सजा पर संशय गहराया**

# ब्रिटिश सेना में भी जल्द होगी सिख रेजिमेंट

## ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बोले: हम इसके गठन पर विचार कर रहे, गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर बनेगी

**लंदन।** ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन राडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे।

सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखो की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि वे इस विषय पर सहोता से मिलना चाहेंगे और जानना चाहेंगे कि सिखों और अन्य धर्मों के सैनिकों के योगदान को पहचान देने के लिए और क्या किया जा सकता है। सिख रेजिमेंट की स्थापना ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। रक्षा मंत्री कोकर ने कहा: 'मैं लार्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।' कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही।

**■ कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान-डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही**

यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई। यानी ब्रिटिश सेना में सिखों की मौजूदगी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब भी यह बहुत कम है। ब्रिटिश सेना में सिख रेजिमेंट की मांग कोई नई बात नहीं है।

2015 में, तत्कालीन रक्षा मंत्री मार्क फ्रांस्वा ने हाउस आफ कामन्स में बताया था कि सेना प्रमुख जनरल निकोलस कार्टर एक सिख यूनिट लाने पर विचार कर रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री सर निकोलस सोम्स ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि राजनीतिक औपचारिकता को छोड़कर सिख रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सिख समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही वीरता और विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की थी।

# बेटों को पाकिस्तान नहीं आने देंगे इमरान खान

## पांच अगस्त को पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे सुलेमान खान और कासिम खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने बेटों को पाकिस्तान आने और किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। इससे पहले इमरान की बहन, अलीमा खान ने दावा किया था कि उनके भतीजे अपने पिता की रिहाई के लिए 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, खान ने साफ किया कि उनके बेटे न तो पाकिस्तान आएंगे और न ही किसी प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।




इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के बेटे, सुलेमान खान (28) और कासिम खान (26), हाल ही में अमेरिका में थे, जहां उन्होंने अपने पिता की रिहाई के लिए अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की थी। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे इमरान खान को आजाद करो अभियान नाम दिया है। इमरान की बहन अलीमा खान ने भी मीडिया से कहा कि इमरान ने पीटीआई को निर्देश दिया है कि उनकी या उनकी पत्नी की सुरक्षा को खतरा होने पर मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि पार्टी का सुलेमान और कासिम से कोई संपर्क नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पिता से मिलने का अधिकार है। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सुलेमान और कासिम ने एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल से मुलाकात की थी। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ष्राजनीतिक उत्पीड़नष करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई थी। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा था कि कैलिफोर्निया (सुलेमान और कासिम) में आपका स्वागत है। सुलेमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं था जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बेहतर रिश्ते थे। इमरान खान कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे।

### ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

**टर्नबेरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्काटलैंड में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितम्बर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है।

# इजरायली हमलों में 30 फलस्तीनी मारे गए

**■ गाजा में अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाया**

**गाजा।** इजरायल के जंगी हवाई जहाजों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 30 फ़लस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस शिविर में बने अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि मारे गए लोगों में जयादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह बमबारी नुसेरत इलाके के उत्तर में बने 'न्यू कैंप' क्षेत्र में की गई। यह मध्य गाजा के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। अस्पताल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुबह के समय एक के बाद एक हुए इन हमलों में घरों को निशाना बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि बिना हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। एक हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। उस वक्त पूरा परिवार घर के अंदर ही था। एक स्थानीय फ़लस्तीनी मोहम्मद अल-हूर ने शिन्हुआ को बताया कि इलाके में 'एक घंटे' से जयादा समय तक लगातार गोलाबारी होती रही। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि इज़रायली सेना ने नुसेरात के उत्तर-पूर्व में अल-मुगरका क्षेत्र और वादी ब्रिज के पास ज़मीनी हमले में आवासीय इलाकों के बाहरी क्षेत्रों को टैंकों और भारी तोपखाने से निशाना बनाया।

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

## देश में वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग

**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी।

चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही। जिन माता-पिता के पास तीन साल से छोटे बच्चे हैं, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डालर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है। पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी। लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी।



**■ चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी**

# चीन में बाढ़ व भूस्खलन से 34 की मौत

**■ बुलडोजर पर चढ़ाकर लोगों को सुरक्षित निकाला, 80 हजार लोगों का रेस्क्यू किया**

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है।

ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजिंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। बीजिंग में दर्जनों सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह तस्वीर मियुन जिले में उफनती नदी के पास एक सड़क की है। बीजिंग प्रशासन ने सोमवार रात 8 बजे टॉप लेवल इमरजेंसी रिस्पान्स जारी किया।

इसके तहत सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य और बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। चीन सरकार ने हपेई प्रांत को 50 मिलियन युआन की इमरजेंसी सहायता भेजी है। साथ ही चेंगदे, बाओडिंग और झांगजियाकौ जैसे प्रभावित शहरों में राहत कार्यों के लिए केंद्रीय टीमें रवाना की गई हैं। इससे पहले प्रशासन ने मियुन जिले के एक प्रमुख जलाशय से पानी छोड़ने का फैसला किया। यह 1959 में बना था। तब से पहली बार इसका जलस्तर सबसे ज्यादा हो गया था।

